दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, सोमवार 5 अप्रैल 2021, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-58 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना की दूसरी लहर का कहर कुछ ही राज्यों में टूटना यह दर्शाता है कि उन राज्यों की सरकारें इस महामारी से निपटने में असफल रही हैं। राज्य सरकारों के निकम्मेपन का ही यह दुष्परिणाम है कि वहां कोरोना बेकाबू हो गया है। यदि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जाता तो कदाचित स्थिति इस कदर भयावह नहीं होती। अभी भी समय है। इसके पहले कि पानी सिर से ऊंचा हो केन्द्र सरकार सर्वाधिक कोरोना प्रभावित राज्यों के लिए नई रणनीति बनाए और राज्यों की जिम्मेदारी तय करे। वरना स्थिति विस्फोटक होते देर नहीं लगेगी।

तर्रेम मुठभेड़ : दो गांवों को खाली कराकर नक्सलियों ने घेरा था जवानों को, 22 शहीद

ग्राउंड जीरो से राजेश झाड़ी की रिपोर्ट

बीजापुर/ नव प्रदेश। बीजापुर के तर्रेम इलाके में शनिवार को सुरक्षा बल के जवानों व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 22 जवान शहीद हो गए हैं। जबकि 31 जवान घायल हो गए हैं। आधिकारिक रूप से 22 जवानों के शहीद होने की पुष्टि हो गई है। जबकि एक जवान का लोकेशन नहीं मिल पाया है, तलाश जारी है।

शहीद व घायल जवानों में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन, एसटीएफ, डीआरजी व बस्तल बटालियन के जवान शामिल हैं। इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भी भारी क्षति की खबर सामने आ रही है। 12 नक्सलियों के मारे जाने व 16 के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। नक्सलियों द्वारा मुठभेड़ में मारे गए अपने साथियों व घायल कैडर्स को 2-3 ट्रैक्टर में ले जाने की सूचना है।

शनिवार को पहले इस मुठभेड़ में पांच जवानों के शहीद होने की खबर आई थी, लेकिन रविवार को मुठभेड़ स्थल के इलाके में अलग-अलग जगह शहीदों के शव दिखाई दिए। जिनकी संख्या करीब 22 थी।

कुटिल, क्रूर व कायराना हमले की कहानी

दरअसल पुलिस को बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर सिरगेल के जंगल में पीलजीए बटालियन 1 के कमांडर हिडमा के अपनी टीम के साथ होने की सूचना मिली थी। इसी के आधार पर तर्रेम व सुकमा से सीआरपीएफ, डीआरजी व एसटीएफ व बस्तर बटालियन के करीब 2000 जवानों की टीम इलाके की ओर निकली थी। सुकमा की टीम अलग जगह थी, लेकिन तर्रेम से निकली टीम सिरगेल से 10 किमी दूर सुकमा व बीजापुर के बॉर्डर पर बसे जीरागांव तक पहुंच गई। नक्सलियों का जमावड़ा यहीं था। उन्होंने पहले से षड्यंत्र रच लिया था। जीरा व जूनागढ़ गांव को खाली करा दिया था। जवानों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब देना शुरू कर दिया। सुरक्षा बल हावी भी हो गए थे। इस बीच जवान अपने साथी कुछ घायल जवानों को रेस्क्यू करने लगे। नक्सलियों ने यह देख उन्हें तीन-चार जगह ट्रैप करना शुरू कर दिया। इसी ट्रैपिंग में उन्होंने देशी लॉन्चर व एचई बम से हथियारों को भी इस्तेमाल किया। इलाके में रविवार का नजारा इस बात की गवाही दे रहा था कि नक्सलियों ने कितने कुटिल, कायराना व क्रूर तरीके से वारदात को अंजाम दिया। कुछ शहीद जवानों के शव गांवों मे तो कुछ के खेतों में दिखाई दिए।

नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए कुटिलता भरा षड्यंत्र रचा था। उन्होंने जवानों पर हमला करने के लिए दो गांवों को खाली करा दिया था। इन गांवों के घरों में रविवार को सन्नाटा पसरा था। किसी घर में कोई नहीं था।

विकास व फोर्स की मूवमेंट से बौखलाए नक्सली

बीजापुर के तर्रेम से जगरगुंडा के बीच इंटर डिस्ट्रिक्ट सड़क निर्माण कार्य हो रहा है। यह सड़क नक्सलियों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शहीदों के नाम

डीआरजी बीजापुर

नाम	पद	पता
दीपक भारद्वाज	उप निरीक्षक	पिरहद, जांजगी चांपा
रमेश कुमार जुर्री	प्र. आरक्षक	पंडरीपानी, कांकेर
नारायण सोढ़ी	प्र. आरक्षक	पुन्नूर, बीजापुर
रमेश कोरसा	आरक्षक	बरदेला, बीजापुर
सुभाष नायक	आरक्षक	बासागुड़ा, बीजापुर
किशोर एंड्रिक	सहा आरक्षक	चेरपाल, बीजापुर
सनकूराम सोढ़ी	सहा आरक्षक	पेद्दापाल, बीजापुर
भोसाराम करटामी	सहा आरक्षक	एकेली, बीजापुर
एसटीएफ		
श्रवण कश्यम	प्र. आरक्षक	बनियागांव, बस्तर
रामदास कोर्राम	आरक्षक	बनजुगानी, कोंडागांव
जगतराम कंवर	आरक्षक	आलीखुटा, राजनांदगांव
सुखसिंह फरस	आरक्षक	मोहदा, गरियाबंद
रमाशंकर पैकरा	आरक्षक	अमलदा, सरगुजा
शंकरनाथ	आरक्षक	भैरमगढ़, बीजापुर
कोबरा 210		
दिलीप कुमार दास	निरीक्षक जीडी	भारेगांव, बारपेटा, असम
राजकुमार यादव	प्र. आरक्षक जीडी	रोनोपल्ली, फिरोजाबाद, उप्र
शंभुराय	सीटी	भाग्यपुर, नार्थ त्रिपुरा
धर्मदेव कुमार	सीटी जीडी	थेकाहा चईका, चंदौली, उप्र
शखामुरी मुराली कृष्ण	सीटी जीडी	गैतपुड़ी, गुंटूर, आंध्र प्रदेश
रथू जगदीश	सीटी जीडी	डिगुयाविधि, विजयनगरम, आंध्र
बबलू रंभा	सीटी जीडी	डमरापाथरा, गोवलपारा, असम
बस्तर बटालियन		
समैया माड़वी	आरजीडी	आवापल्ली बीजापुर

कोबरा जवान सीटीजीडी राकेश्वर सिंह मनहास का घटना केबाद से लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। तलाश जारी है।

आला अफसर छग में ही ही मौजूद

सीआरपीएफके एडीडीपी ऑपरेशंस जुल्फिक्कार हंसमुख, केंद्र के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार व सीआरपीएफके पूर्व डीजीपी के विजय कुमार और मौजूदा आईजी ऑपरेशंस पिछले 20 दिनों से जगदलपुर, रायपुर व बीजापुर के क्षेत्रों खुद मौजूद हैं। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में जवानों का शहीद होना योजना पर सवाल खड़े कर रहा है।

सीआरपीएफ डीजी छत्तीसगढ़ पहुंचे

सीआरपीएफके डायरेक्टर जनरल कुलदीप सिंह छत्तीसगढ़ पहुंच गए हैं। इस दौरान वे हालात का जायजा लेंगे। बीजापुर में हुए ऑपरेशन के बाद गृह मंत्रालय ने उन्हें लोकेशन पर जाने के निर्देश दिए थे। गृह मंत्री अमित शाह ने डीजी को बीजापुर भेजने के साथ ही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से भी संपर्क में हैं।

10 दिन में दूसरा बड़ा नक्सली हमला

प्रदेश में 10 दिन के अंदर यह दूसरा नक्सली हमला है। इससे पहले 23 मार्च को नारायणपुर में हुए हमले में भी 5 जवान शहीद हुए थे। यह हमला नक्सलियों ने नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट के जरिए किया था। उस दिन ऑपरेशन से वापस लौट रहे जवानों से भरी बस को टारगेट किया गया था। विस्फोट इतना भयंकर था कि बस के परखच्चे उड़ गए थे।

नक्सली अपनी आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं, जारी रहेंगे ऑपरेशन : बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों के आपरेशन जारी रहेंगे, नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में कैम्पों की स्थापना का कार्य तेजी से किया जाएगा। नक्सली अपनी आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को रायपुर वापस लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से बीजापुर में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ की घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वे अस्पताल पहुंचकर घायल जवानों से भी मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़ाई में हमारे जवानों की शहादत हुई है, लेकिन वे बहादुरी से लड़े हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं।

बुलंद हौसलों के साथ लड़ रहे हमारे सुरक्षा बल मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सुरक्षा बल बुलंद हौसलों के साथ नक्सलियों से उनकी मांद में घुसकर लड़ाई लड़ रहे हैं। बीजापुर में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भरोसा दिलाता हूं बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में सुआलकुची में रविवार को कहा कि नक्सली हमलों में सुरक्षाकर्मियों की जान जाने जैसी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उचित समय पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। शाह ने कहा कि देश को भरोसा देता हूं, बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह हमले को देखते हुए अपना असम दौरा रद्द कर दिल्ली पहुंच गए हैं। उन्होंने दिल्ली में हमले को लेकर अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।

सुरक्षा बलों को हुई क्षति दु:खद, पर हम जीतेंगे लड़ाई : सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल असम दौरा रद्द कर रायपुर पहुंच गए। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को फोन करके उनसे बीजापुर में हुई नक्सली घटना के संबंध में विस्तृत चर्चा की । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें मुठभेड़ की मैदानी स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को हुई क्षति दुखद हैं। लेकिन सुरक्षा बलों के हौसले बुलंद हैं और नक्सली हिंसा के विरुद्ध यह लड़ाई हम ही जीतेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री से कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर इस लड़ाई को अवश्य जीतेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफसे जो भी आवश्यक मदद होगी वो राज्य सरकार को दी जायेगी।

सोनिया ने नक्सली हमले में जवानों की शहादत पर जताया गहरा शोक

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर क्षेत्र में नक्सली हमले में सुरक्षा बलों के जवानों के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए लापता जवानों के शीघ्र लौटने की कामना की है। श्रीमती गांधी ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि पूरा देश अपने जवानों की शहादत को नमन करता है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और कहा कि देश अपने इन बहादुर जवानों की शहादत का हमेशा ऋणी रहेगा।

कोरोना से निपटने जनांदोलन और जनभागीदारी अभियान जरूरी: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक बार फिर प्रचंड रूप धारण कर रही कोरोना महामारी के खिलाफ अभियान में जीत के लिए जनभागीदारी और जनांदोलन जारी रखने की जरूरत पर बल दिया है। श्री मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक उच्च स्तरीय बैठक में कोविड-19 के संक्रमण में तेजी से उत्पन्न स्थिति तथा देश में चलाये जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने

कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए लोगों को जागरूक कर जनांदोलन में शामिल करने की बेहद अधिक जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि जांच, संपर्कों का पता लगाना , उपचार , कोविड प्रोटोकॉल का पालन और टीकाकरण की पांच सूत्री रणनीति को भी पूरी गंभीरता और सख्ती से लागू करने की भी जरूरत है। इसे ध्यान में रखते हुए देश भर में सभी सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड प्रोटोकॉल पर अमल के लिए 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जायेगा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में सामने आए रिकॉर्ड तोड़ मामले 80 फीसदी से ज्यादा 8 राज्यों में ही

नई दिल्ली। शनिवार को देशभर में आए कोरोना वायरस के 93 हजार 249 नए मामलों में से 80 प्रतिशत से ज्यादा केस देश के आठ राज्यों में हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आकड़ों के मुताबिक, ये राज्य महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, दिल्ली,तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब कोरोना के 6 लाख 91 हजार 597 सक्रिय मामले हैं जो कुल संक्रमितों का 5.54 फीसदी है।

नहीं हुई कोरोना से एक भी मौत

चिंता के बीच राहत भरी खबर यह है कि देश के 14 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसे भी हैं जहां बीते 24 घंटे के अंदर कोरोना वायरस की वजह से एक भी मौत नहीं हुई है। ये राज्य हैं- ओडिशा, असम, पुडुचेरी, लद्दाख, दमन-दीव, दादर नागरहवेली, नगालैंड, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम, लक्ष्द्वीप, मिजोरम, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह और अरुणाचल प्रदेश।

भतीजे के घर भिजवा रहे एजेंसियां : ममता

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज की वोटिंग पूरी हो जाने के बाद अब नजरें तीसरे चरण पर टिक गई हैं। विभिन्न दल चुनाव प्रचार कर एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को हावड़ा में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी और अमित शाह पर खूब तीखे वार किए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर पर केंद्रीय जांच एजेंसियों को भिजवा रही है।

दावा | **जिंक, मल्टी विटामिन्स और प्रोटीन की कमी दूर करेगा चावल, शोध से कृषि क्षेत्र में जगी नई उम्मीद**

कोरोना से बचा सकता है छग का चावल 'जिंको राइस एमएस'

■ कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध से तैयार किया गुणकारी चावल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दुनिया के कई देशों में फैली कोरोना महामारी की दूसरी लहर की छत्तीसगढ़ में स्थिति पहले से और बिगड़ चुकी है। हालांकि कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच छत्तीसगढ़वासियों के लिए एक अच्छी खबर भी आ रही है। प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने चावल की एक ऐसी किस्म तैयार की है जो लोगों को ना केवल कोविड-19 से बचाने में मददगार साबित हो सकता है बल्कि कोरोना संक्रमित लोगों को स्वस्थ भी कर सकता है। इस चावल का नाम जिंको राइस एमएस है। इसके सेवन करने के बाद

लोगों को जिंक, मल्टी विटामिन्स और प्रोटीन की दवाइयां नहीं लेनी पड़ेंगी। या ऐसे भी कह सकते हैं कि उन दवाइयों की कमी को यह चावल पूरा करेगा। इस चावल को पोहा या चिवड़ा के रूप में भी परोसा जा सकता है। रायपुर में इंदिरा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीम के प्रमुख वैज्ञानिक का दावा

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है काफी हद तक

चावल की ये खास वैरायटी को तैयार करने वाली टीम के प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ गिरीश चंदेल का दावा है कि यह चावल कोरोना के मर्ज की प्रमुख दवाई के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इसे खाने से प्रतिरोधक क्षमता को इतनी बढ़ जाएगी कि लोग संक्रमित होने से बच सकते हैं। वहीं यदि वायरस के संपर्क में आए हैं तो भी कम से कम प्रभावित होंगे।

कोरोना आने के बाद एक साल जुटकर किया काम

उनका कहना है कि विश्वविद्यालय ने करीब 20 साल तक रिसर्च करके धान की चार वैरायटी तैयार की थी, जिसमें जिंक,मल्टी विटामिन और प्रोटीन हो। अब कोरोना आने के बाद इसमें एक साल जुटकर काम किया गया, जिसके बाद ये वैरायटी तैयार की गई। इसे खासतौर पर कोरोना के अनुसार तैयार किया गया है। इसमें जिंक प्रचुर मात्रा में है, मल्टी विटामिन भी।

1 लाख क्विंटल बीज बांटने का लक्ष्य

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ गिरीश चंदेल ने कहा कि जिंक मानव शरीर के 100 एंजाइम के लिए केटलिस्ट की तरह काम करता है। कोविड में इम्युनिटी को स्ट्रांग करने का यह बड़ा माध्यम होगा। भारत सरकार के साथ छत्तीसगढ़ सरकार ने भी हमारे इस प्रयास को सराहा है। हम भारत सरकार की एक परियोजना के साथ छत्तीसगढ़ सरकार की तरफसे जुड़े हैं। करीब 60 करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे है। एक लाख क्विंटल बीज बांटने का हमने लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग गांवों में किसानों को 100 से 200 क्विंटल बीज बांटा है। बिल एंड मिलिंडा फाउंडेशन भी हमें सहयोग कर रहा है।

पेट्रोल-डीजल के दामों में आएगी और कमी : प्रधान

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तीसरे फेज के मतदान से पहले पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कोलकाता में एक खुशखबरी दी। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पेट्रोलियम कंपनियों पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में कटौती की है और यह आने वाले दिनों में और कम हो सकते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम होने लगी हैं। हमने पहले भी बताया था कि जब इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दामों में कमी आने लगेगी तो हम पूरा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएंगे। एलपीजी गैस की कीमत भी कम होने लगी है। आने वाले दिनों में यह दाम और कम हो सकते हैं।''

पिछले कुछ दिनों में कम हुई है पेट्रोल-डीजल की कीमत

चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद 27 फरवरी से पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर थे। 25 दिनों तक ईंधन की कीमतों के न बढ़ने के बाद हाल के दिनों में 61 पैसे, 60 पैसे प्रति लीटर जैसी कुछ छोटी कटौतियां हुई हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग जिले में 8000 से ज्यादा मरीज होम आइसोलेशन में

दवाइयों की व्यवस्था के साथ ही चिकित्सकों द्वारा ली जा रही जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर के माध्यम से लगातार कोरोना आइसोलेशन में रहने वाले कोरोना मरीजों की सेहत की देखभाल की जा रही है। डॉक्टरों की टीम 24 घंटे इन मरीजों की सेहत पर नजर रख रही है। मरीजों से प्राप्त जानकारी के बाद उनके स्वास्थ्य के संबंध में गहन विमर्श होता है। इसके बाद आवश्यक पड़ने पर रेफर करने के संबंध में निर्णय लिया जाता है। सेंटर की मेडिकल

प्रभारी डॉ. रश्मि भुरे द्वारा लगातार मरीजों की स्वास्थ्य की स्थिति की मॉनिटरिंग की जाती है।

मेडिकल स्टाफसे प्राप्त इनपुट के माध्यम से मरीज के आगे के इलाज के संबंध में निर्णय होता है। मरीजों के ऑक्सीजन लेवल की स्थिति की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। ऑक्सीजन लेवल की मॉनिटरिंग के मुताबिक मरीज को चंदूलाल कोविड केयर हॉस्पिटल या शंकराचार्य हॉस्पिटल में रेफर किया जाता है। होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम के माध्यम से घर तक दवाइयां भेजी जा रही हैं। इसके साथ ही आपात स्थिति होने पर मरीज को अस्पताल तक भेजने की व्यवस्था की जाती है।

होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर की पूरी नजर मरीज की ऑक्सीजन की स्थिति पर होती है। मरीजों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पल्स ऑक्सीमीटर में 95 से नीचे आने पर तुरंत इसकी सूचना दें या किसी अन्य प्रकार के कॉम्प्लिकेशन होने की स्थिति में सूचना दें। कंट्रोल रूम के चिकित्सक लगातार मरीजों की स्थिति पर नजर रखते हैं। मरीजों को मेडिकल किट के अलावा कोरोना में किस तरह का खानपान करना और आइसोलेशन के नियमों का किस प्रकार पालन करना है, यह सारी जानकारी दी जाती है। मरीजों को यह भी कहा जाता है कि आइसोलेशन के नियमों का पालन करें क्योंकि कोरोना संक्रामक बीमारी है।

वार्तालाप के पश्चात यूआरएम तथा बीआरएम का गतिरोध समाप्त

■ प्रदर्शनकारियों ने उत्पादन क्षति को अधिक कार्य कर पूर्ण करने का दिया आश्वासन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल तथा बी आर एम में आज कुछ कार्मिकों ने जल्द वेज रिवीजन किये जाने की मांग के साथ धरना प्रदर्शन किया। विदित हो कि प्रायः अप्रैल माह में संयंत्र के विभिन्न विभागों में शेड्यूल मेंटेनेंस लिया जाता है। इसके तहत आज यू आर एम तथा बी आर एम में निर्धारित मेंटेनेंस ले लिया गया है7 ब्लास्ट फर्नेस-8 तथा एसएमएस-3 के कार्मिकों ने सांकेतिक तौर पर वेज रिवीजन के मुद्दे को विभागाध्यक्ष के समक्ष अपनी मांग रखते हुए उत्पादन को जारी रखा।

कर्मचारियों को शीर्ष प्रबंधन से बात करवाने का आश्वासन दिया गया पर वे बातचीत के लिए तैयार नही हुए। उन्हें यह समझाया गया कि वे कोरोना के इस भीषण दौर में भीड़ एकत्रित न करें बल्कि बातचीत कर समाधान ढूंढे । वेज रिवीजन केंद्रीय मुद्दा है और इस पर एन जे सी एस के माध्यम से लगातार चर्चा जारी है। कर्मियों की सुविधाएं और लाभ कंपनी की लाभप्रदता से जुड़ी हुई हैं, उत्पादन रोककर मांगें रखना उचित नही है । भिलाई की कार्य संस्कृति सदैव ही सकारात्मक रही है समस्याओं का समाधान बातचीत से निकालने की परंपरा रही है।इस कार्य संस्कृति को हम सभी को बनाए रखना है।अतः सभी कर्मियों से यह आह्वान किया गया कि वे प्रतिबद्धता के साथ कार्य निष्पादन करें। किसी भी किस्म की अनुशासनहीनता से दूर रहें। आज शाम को कार्यपालक निदेशक(कार्मिक एवं प्रशासन) श्री एस के दुबे से वार्तालाप करने के पश्चात गतिरोध समाप्त हो गया है और सभी ने सामान्यरूप से कार्य प्रारंभ कर दिया।

दुकानों में सोशल डिस्टेंस का पालन और मास्क नहीं लगाने वालों पर की कार्रवाई

■ डीमार्ट, सिकोलाबाजार, समृद्धि बाजार, बोरसीबाजार, इंदिरा मार्केट में निगम ने चलाया अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग जिला कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के आदेश एवं आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर के बाजारों में भ्रमण कर दुकानों में सोशल डिस्टेंस का पालन नहीं करने वालों और मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्यवाही की । उन्हे चेतावनी देकर समझाया गया कि कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए चेहरे पर मास्क लगाना आवश्यक है । जिसका सख्ती से पालन कराने दुर्ग नगर निगम द्वारा सुबह - शाम लगातार अभियान चला रहा है, दुर्ग निगम क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के जहा पॉजीटीव मरीज पाए जा रहे है उस क्षेत्र को सेनेटाइज किया जा रहा है,ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। निगम की टीम लोगों को कोरोना से बचाव हेतु सावधान एवं जागरूक रहने की अपील कर रही है।

निगम के वाहनों में निरन्तर स्पीकर के माध्यम से लोगों को जागरूकता के संदेश दिए जा रहे है। सार्वजनिक स्थान बाजार क्षेत्र इंद्रिरा मार्केट, समृद्धि बाजार, पांच कंडील चौक एवं हटरी बाजार डीमार्ट, समेत अन्य जगहों में मास्क नहीं लगाने वाले लोगों से अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की गई । बाजार क्षेत्र में व्यापारियों को भी समझाइश दी जा रही है कि बिना मास्क लगाए सामान का लेन-देन न करें अन्यथा दुकान सील बंद करने सहित कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निगम की टीम सुबह और शाम चौक चौराहों में घेराबंदी कर आने जाने वाले वाहनों में व्यक्तियों द्वारा मास्क लगाने को लेकर कड़ी निगरानी की जा रही है। अभियान के तहत सार्वजनिक क्षेत्र और बाजार क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वालों पर सख्त कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूला जा रहा है।

दुर्ग निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। निगमायुक्त श्री हरेश मंडावी ने कोरोना के हर पहलू पर काम करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं! इस मौके पर स्वस्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता स्वस्थ्य के मार्गदर्शन में निरीक्षक जसवीर सिंग भुवाल, मेनसिंग मंडावी, सुरेश भारती, राजू सिंह, राजेन्द्र सर्ट, लवकुश शर्मा, विनीत वर्मा, शौयब अहमद के अलावा अन्य ने कार्रवाही की।

प्रख्यात फुटबॉलर रहीम नहीं रहे

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई में फुटबॉल को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रख्यात एनआईएस कोच व भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मी एम जेड रहीम (86) का रविवार को निधन हो गया। रविवार की शाम ही कब्रिस्तान हैदरगंज में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। अंतिम यात्रा उनके आमदी नगर हुडको स्थित निवास से निकली। वे अपने पीछे तीन बेटों सैयद अनिकुर रहीम, सैयद सीमाब उर रहीम और सैयद एहसान उर रहीम सहित भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गए हैं।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 510622502202 1036**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी विकास खुल्लर पिता राजीव खुल्लर पता-म.नं. 15/3 मैत्री नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 1218/1 (0.0171) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 510620202 2021034**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी विनीत सिंह पिता एस्तर सिंह पता- एचआईजी-1/334, हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 733/52 (0.0046), 733/50 (0.0045) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 510640402 2021027**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी के.आर.सी नायर पिता स्व. जी. केशव पिल्ले पता- म.नं. 66 नुपुरम परडाइस काम्पलेक्स वार्ड नं. 50 बोरसी भाठा बैथनी विद्यालय के पीछे दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 702/4 (0.0125) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 510640802 2021040**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी बहे.मु.आम. प्रिया बजाज पिता/पति विक्रम लाल बजाज पता-करतार भवन के पीछे गुरूनानक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, चंदर जे. कुकरेजा पिता स्व. ज्योतुमल कुकरेजा पता-म.नं. 330/24 सिंधी कालोनी करतार भवन के पास गुरूनानक नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 264/8 (0.0149) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 512492502 2021034**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी कंचन जुमनानी पति/पिता मेघराज जुमनानी पता- सिंधी गुरूद्वारा के पास पाटनकर कालोनी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 264/66 (0.0159) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 510621401 2021005**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी बलजीत कौर पति/पिता रामसिंह पता- 216 जी रिसाली सेक्टर भिलाई, तह व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 492/46 (0.0139) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 510621102 2021051**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी चंद्रशेखर मंथापुरवार पिता रामैय्या मंथापुरवार पता- म.नं. बी-648/ई, स्ट्रीट नं. 36, स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 412/6 (0.0201) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 512491702 2021042**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी सतीश कुमार जसवानी पिता स्व. भोलामल जसवानी पता- गुरूनानक नगर सिंधी कालोनी दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 264/97 (0.0144) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 512490202 2021038**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी प्रतिमा श्रीवास्तव पिता/पति स्व. अमितलाल श्रीवास्तव पता-एलआईजी-277 पदमनाभपुर दुर्ग, ना.बा. अवधेश श्रीवास्तव की तरफ से बड़ी मां प्रतिमा श्रीवास्तव पिता/पति अमितलाल श्रीवास्तव पता-एलआईजी-277 पदमनाभपुर दुर्ग, ना.बा. आयुष श्रीवास्तव की तरफ से बड़ी मां प्रतिमा श्रीवास्तव पिता/पति अमितलाल श्रीवास्तव पता-एलआईजी-277 पदमनाभपुर दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 181/10 (0.0186) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।

सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार छुईखदान, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202103093000014
ब/121/वर्ष 2020-2021
साकिन जुझारा
कृषक ग्राम- जुझारा प.ह.नं. 36

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनराखन पिता साधुराम जाति तेली, निवासी ग्राम जुझारा तहसील छुईखदान जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा ग्राम जुझारा प.ह.नं. 36 स्थित भूमि खसरा नं. 57/2 रकबा 0.7570 हे. मनराखन पिता साधुराम, जाति तेली के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वादग्रस्त खाते की भूमि की ऋण पुस्तिका गुम हो गई है। आवेदक ने खाते की द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो इस न्यायायलय में नियत पेशी दिनांक 03.04.2021 या इसके पूर्व स्वयं उपस्थित होकर अन्यथा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 12.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार छुईखदान**

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं DHARAM CHAND S/O SOBHAGMAL JAIN निवासी WARD NO.10, CHANDKHURI DISTT- DURG (C.G) 491221 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम DHARAM CHAND JAIN S/O SOBHAGMAL JAIN रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम DHARAM CHAND JAIN S/O SOBHAGMAL JAIN से ही जाना पहचाना जावे।

DHARAM CHAND JAIN
WARD NO.10,
CHANDKHURI
DISTT- DURG (C.G.) 491221

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला-दुर्ग(छ.ग.)

रा.प्र.क.....अ-6/2020

उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण आज जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दीनदयाल पिता/पति हेमधर निवासी कोड़िया मौजा कोड़िया प.ह.न. 38 रा.नि. मंडल अण्डा तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 274 रकबा 0.08 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार पुनेश्वर पिता/पति स्व. घनश्याम वगै. से दिनांक 2/03/2021 को को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करते हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05/04/21 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/3/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता स्व. माखन सिंह निवासी से.-6 पुलिस लाईन भिलाई दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 156/25 रकबा 0.011 हे.द्रोपती बाई के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 24/3/19 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16.04.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202104100400040

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमति सरिता पाड़े पति श्री कमलेश पाड़े निवासी कोलिहापुरी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 263/29 रकबा 0.0110 हें/ 1260 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरजू साहू पिता/पति रतन लाल साहू निवासी सिकोला भाठा दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख. नं. 673/2 का टूकड़ा 621 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार तीरथ पटेल पिता/ पति स्व. जग्गुराम से दिनांक 27/02/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखा शुक्ला पिता/पति महेश कुमार शुक्ला निवासी चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी भिलाई दुर्ग मौजा उरला प.हं.नं. 07 रा. नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्गमें स्थिति भूमि ख. नं. 667/1 का टुकड़ा रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार दुर्गा यादव पिता/पति कैलाश यादव से दिनांक 22/02/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अर्चना डहरिया पिता/पति श्री यशवंत डहरिया निवासी कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा. नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खं. नं. 647/2 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार चिन्तामनी पटेल पिता/पति नलिनी कुमार पटेल से दिनांक 25/02/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मीनाक्षी सिंह पिता/पति जितेन्द्र सिंह निवासी हुडको भिलाई दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा. नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख. नं. 646/2 का टूकड़ा रकबा 1870.04 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार भागवत पिता/पति लोकूराम यादव से दिनांक 08/03/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ज्योति पटनायक पिता/पति पदमन पटनायक निवासी कैम्प-2 भिलाई दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख. नं. 665/1 का टूकड़ा रकबा 2070.71 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार दुर्गा यादव पिता/पति कैलाश यादव से दिनांक 08/03/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुनिति साहू पिता/पति युगल किशोर साहू निवासी पोटिया पो. बोरई तह. धमधा दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 649/2 रकबा 1395.42 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार चिन्तामणनी पटेल पिता/ नलिनि कुमार पटेल से दिनांक 23/02/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

अति. तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका एलानी खलखो पिता/पति हाबिल खलको निवासी म.नं. -15, धुखुमाता, बुरीकला कोरबा मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि. मंडल सिकोला तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 665/2 का टूकड़ा रकबा 2370.19 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार दुर्गा प्रसाद पिता/पति कैलाश यादव से दिनांक 23/02/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12/04/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

अति. तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

पंजी. नं. -202104100400049

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामवीर सिंह आ. स्व. श्री कप्तान सिंह निवासी-रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 602/5 रकबा 0.015 हे. 1717 वर्गफीट आवासीय के प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन के 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202103100400559

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कुमार विवेक प्रसाद आ. श्याम सुन्दर प्रसाद निवासी रिसाली सेक्टर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 390/48 रकबा 0.020 हें 2112 वर्गफीट आवासीय के प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202104100400028

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमति सरिता पाड़े पति श्री कमलेश पाड़े निवासी कोलिहापुरी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 263/28 रकबा 0.0120 हें/ 1260 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

मुख्यमंत्री ने जाना घायल जवानों का हाल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल पहुंचकर बीजापुर में हुई घटना में घायल जवानों के इलाज की जानकारी ली। उन्होंने घायल जवानों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के साथ ही उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। वे सोमवार को जगदलपुर पहुंचकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिसके बाद शहीदों की पार्थिव देह उनके गृह ग्राम भेजी जाएगी। स्वास्थ्यमंत्री सिंहदेव ने भी अस्पताल पहुंच घायल जवानों का हाल जाना।

न्यूज गैलरी

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने नक्सली हमले में वीर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अपने ट्विटर के माध्यम से बीजापुर नक्सली हमले में वीर शहीद जवानों की शहादत पर श्रद्धांजलि दी है, साथ ही उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की है।

दोस्त का मर्डर कर नाले में फेंक लिखा दी गुमशुदगी की रिपोर्ट

रायपुर। दोस्त का मर्डर कर नाले में फेक थाने में लिखा दी। गुमशुदगी की रिपोर्ट। जांच के बाद मामला सामने आने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा थाना इलाके में रावतपुरा फेस 1 में एक युवक की हत्या कर आरोपी ने नाले में फेंक दिया। जब पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया तब मृतक के सिर पर भारी वस्तु से चोट का निशान मिला। जिसके बाद आरोपी से पुछताछ करने पर उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। आरोपी ने पुलिस की पुछताछ में बताया कि लोहे का पाईप हटाते समय पाईप का उपरी भाग बिजली तार से टकरा जाने की वजह से सुभाष राजभर 21 वर्ष पिता पिता शिवचंद राजभर निवासी ग्राम अढ़ारीमटिया थाना बिरनो जिला गाजीपुर उत्तरप्रदेश की मौत हो जाने पर उसे नाले के किचड़ में फेंक दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी रामविलाश चौहान 26 वर्ष पिता कांता चौहान से कड़ाई से पुछताछ करने पर पूरा मामला सामने आ गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी अपनी पत्नी पर बुरी नजर रखने की वजह से दोस्त सुभाष राजभर के सिर पर रॉड से मारकर हत्या कर दी तथा साक्ष्य छुपाने उसे नाले के किचड़ में फेक दिया। आरोपी व मृतक एक ही गांव के रहने वाले है। आरोपी के खिलाफ धारा 302,201 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

देवर ने शादी का प्रलोभन देकर किया दुष्कर्म, दर्ज हुआ मामला

रायपुर। महिला ने अपने देवर के खिलाफ विधानसभा थाने में बलात्कार करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता 28 वर्ष ने अपने देवर हेमन्त बांधे 28 वर्ष पिता घनश्याम बांधे निवासी सकरी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 25 से 26 मार्च के दरम्यिान पीड़िता के देवर ने शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ समोसा देला में ले जाकर जबरन डरा धमका कर उससे दुष्कर्म किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

आलमारी में रखे 1 लाख 50 हजार रुपये के गहने चोरी, मामला दर्ज

रायपुर। किसान के घर के अंदर प्रवेशकर किसी ने आलमारी के लॉकर से सोने,चांदी गहने अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार की चोरी कर लिया। घटना की शिकायत आरंग थाने में पीड़ित ने दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परसकोल आरंग निवासी रेवाराम साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी खेती किसानी का काम करता है। ग्राम परसकोल में दो मकान है जिसमें एक में बेटा,बहु व उनके बच्चे तथा दूसरे में वह अपनी पत्नी के साथ रहता है। खाद्य के लिये लाईसेंस नवीनीकरण कराने कृषि अधिकारी के पास गया था। वापस आने पर घर का दरवाजा खुला था, अंदर जाकर देखा तो घर में सामान बिखरा पड़ा था । लोहे के अलमारी में लगा लकर खुला था जिसमें बहू के सोना चांदी का जेवरात गुलबंद, झुमका, अंगुठी, कमरबंद करधन नहीं था । आसपास पता किया कोई पता नहीं चला घटना की जानकारी सरपंच को दिया। घर के अंदर अलमारी से कोई अज्ञात चोर द्वारा अलमारी का लाकर में रखे जेवरात को चोरी कर ले गया। चोरी की गई जेवरात की कीमत 1,50,000 रुपये के करीब है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

निर्माणधीन मकान का ताला तोड़कर 7 बंडल बिजली तार चोरी

रायपुर। निर्माणधीन मकान का स्टोर रुम का ताला तोड़कर 07 बंडल बिजली वायर को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मुजगहन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 54 सी कांदूल रोड,वेदांता सिटी निवासी जनार्दन चौबे ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वेदांता सिटी कांदूल रोड मकान निर्माण करवा रहा है। 1 अप्रैल को मकान में ताला लगाकर चला गया था। दूसरे दिन शाम को आने पर मकान के अंदर स्टोर रुम का ताला तोड़कर किसी ने 7 बंडल बिजली तार कीमत 45 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

वनोपज संग्रहण : वर्ष 20-21 में 3 करोड़ मानव दिवस रोजगार

आदिवासी-वनवासी संग्राहकों को 600 करोड़ रुपए के पारिश्रमिक का भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में वनवासियों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में वर्ष 2020-21 में लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों से लोगों को 3 करोड़ मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध हुआ है। इसमें लघु वनोपज संग्राहकों सहित आदिवासी-वनवासियों को 200 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से 600 करोड़ रूपए की राशि के पारिश्रमिक का वितरण किया गया है। इसके तहत वितरित पारिश्रमिक में तेंदूपत्ता संग्रहण के अंतर्गत 400 करोड़ रूपए तथा तेंदूपत्ता उपचारण एवं गोदामीकरण में 40 करोड़ रूपए की राशि शामिल है। इसी तरह प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री संजय शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2020-21 के दौरान लघु वनोपज संग्रहण में 140 करोड़ रूपए तथा लघु वनोपज उपचारण एवं गोदामीकरण में 14 करोड़ रूपए की पारिश्रमिक राशि वितरित की गई है। इसके अलावा लघु वनोपज के प्राथमिक प्रसंस्करण कार्य में 2 करोड़ रूपए तथा अन्य कार्यों के अंतर्गत 4 करोड़ रूपए की पारिश्रमिक राशि का भुगतान किया गया है।

52 लघु वनोपजों की खरीदी हो रही एमएसपी पर

गौरतलब है कि राज्य में वर्तमान में 52 लघु वनोपजों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। इन 52 लघु वनोपजों में साल बीज, हर्रा, ईमली बीज सहित, चिरौंजी गुठली, महुआ बीज, कुसुमी लाख, रंगीनी लाख, काल मेघ, बहेड़ा, नागरमोथा, कुल्लू गोंद, पुवाड़, बेल गुदा, शहद तथा फूल झाड़ू, महुआ फूल (सूखा) शामिल हैं। इसके अलावा जामुन बीज (सूखा), कौंच बीज, धवई फूल (सूखा), करंज बीज, बायबडिंग और आंवला (बीज सहित) तथा फूल ईमली (बीज रहित), गिलोय तथा भेलवा, वन तुलसी बीज, वन जीरा बीज, इमली बीज, बहेड़ा कचरिया, हर्रा कचरिया तथा नीम बीज शामिल हैं। इसी तरह कुसुमी बीज, रीठा फल (सूखा), शिकाकाई फल्ली (सूखा), सतावर जड (सूखा), काजू गुठली, मालकांगनी बीज तथा माहुल पत्ता शामिल है। इसके अलावा पलास (फूल), सफेद मूसली (सूखा), इंद्रजौ, पताल कुम्हड़ा, तथा कुटज (छाल), अश्वगंधा, आंवला कच्चा, सवई घास, कांटा झाड़ू, तिखुर, बीहन लाख-कुसमी, बीहन लाख-रंगीनी, बेल (कच्चा), तथा जामुन (कच्चा) शामिल है। राज्य सरकार द्वारा कुसुमी लाख, रंगीनी लाख और कुल्लू गोंद की खरीदी में समर्थन मूल्य के अलावा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

विधायक सत्यनारायण शर्मा ने किया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

रायपुर। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोगांव के नवनिर्मित भवन का विधायक रायपुर ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर नागरिकों ने माननीय विधायक सत्यनारायण शर्मा व महामंत्री प्रदेश कांग्रेस पंकज शर्मा का आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के नागरिकों को अब गोगांव में ही कोराना टेस्ट, कोरोना टीकाकरण, खून जांच, प्रसूति सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र में मिलेंगी। सत्यनारायण शर्मा ने नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और कोरोना टीका लगाने की अपील भी की। कार्यक्रम के इसी क्रम में कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए हाई स्कूल परिसर में बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में श्याम लाल साहू, भगवती जंघेल, हीरा लाल वर्मा, मोहित घृतलहरे, वारेन साहू, महेंद्र गुप्ता, अश्वनी दांडे, सुनीत भारती, डोमित ध्रुव, प्रदीप डांडे, डां हेमंत डांडे, सुनील लहरे, जितेंद्र, बीरेंद्र, आदित्य साहू, बंशी साहू, राजकुमार, राम, यस कुमार बागडे,चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. नेहा अग्रवाल , डां साहु , डॉ पांडे, डॉ यादव आदि मौजूद थे।

दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़ी, एक की मौत, 304ए के तहत अपराध दर्ज

रायपुर। तेज रफ्तार बाईक सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई। जिसके चलते स्पलेण्र सवार व्यक्ति की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसारी 27 मार्च को रात 09 बजे तेज रफ्तार एवेंजर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एई 2459 का चालक लापरवाही पूर्वक बाईक चलाते हुये सामने से आ रही स्पलेण्डर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एनजी 9867 से जा रहे पंकज निर्मलकर 22 वर्ष पिता स्व.संतोष निर्मलकर को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते उसे गंभीर हालत में मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने एवेंजर चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के नए नाम नहीं जुड़ेंगे

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखी चिट्ठी

रायपुर। कोरोना टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स की श्रेणी में अब नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एनईजीवीएसी की सिफारिश पर इन श्रेणियों में टीकाकरण के नए पंजीयन पर तत्काल रोक लगा दी है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव श्री राजेश भूषण ने इस संबंध में 3 अप्रैल को सभी राज्यों को परिपत्र जारी किया है। उन्होंने टीकाकरण से संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देने और अनुपालन के निर्देश देने कहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने परिपत्र में कहा है कि राज्यों के प्रतिनिधियों और डोमेन नॉलेज विशेषज्ञों के साथ समीक्षा में एनईजीवीएसी ने पाया है कि कुछ टीकाकरण केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में अपात्रों का पंजीयन कर टीकाकरण किया जा रहा है जो भारत सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन के लिए जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। इन दोनों श्रेणियों में टीकाकरण के लिए पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या में पिछले कुछ दिनों में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। एनईजीवीएसी की सिफारिश पर इन दोनों श्रेणियों में नए पंजीयन को तत्काल बंद किया जा रहा है। कोविन पोर्टल पर 45 और इससे अधिक उम्र के लोगों का पंजीयन जारी रहेगा। स्वास्थ्य कर्मी और फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में पूर्व में पंजीकृत लोगों का कोविड टीकाकरण यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा।

होम आइसोलेशन में संक्रमितों के इलाज के लिए निर्देश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने बिना लक्षण और हल्के लक्षण वाले कोरोना संक्रमितों के होम आइसोलेशन में इलाज और मॉनिटरिंग के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं श्री नीरज बंसोड़ ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को परिपत्र जारी कर होम आइसोलेशन से संबंधित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करवाने कहा है। विभाग ने होम आइसोलेशन में कोविड-19 के इलाज की अनुमति, पात्रता, शर्तों, नियमों, जिला प्रशासन के उत्तरदायित्वों, मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी और मरीजों द्वारा बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की निगरानी कर रहे निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम्स और डॉक्टरों को मरीज से संबंधित जानकारी और उनके होम आइसोलेशन की समाप्ति की सूचना जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

रायपुर में कोरोना विस्फोट 2287 नए संक्रमित मिले, एक ही दिन में नए केस का आंकड़ा 5 हजार पार

उपचार के दौरान 31 की हुई मृत्यु

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस का विस्फोट रायपुर एवं दुर्ग में पिछले 24 घंटे में एक साथ हुआ है। कोरोना सेंटर से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर में 2287 नये कोरोना पॉजीटिव मरीज दर्ज किये गये हैं। वहीं दुर्ग में आंकड़ा 857 पहुंचा है। गत 24 घंटे में प्रदेश में 5818 नये कोरोना पॉजीटिव मरीज मिलने से प्रदेश की हालत गंभीर है। वहीं आज से रायपुर में जिला कलेक्टर द्वारा आगामी आदेश पर्यन्त सुबह से शाम के 6 बजे तक दुकानें खोलने का निर्देश दिया गया है। शाम 6 बजे के बाद शराब की दुकानें भी बंद होंगी।

नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय ने शनिवार रात 8 बजे तक कोरोना संक्रमितों की संख्या का ब्यौरा दिया है। जो जिलावार निम्नानुसार है। जिलेवार कोरोना संक्रमितों के मामले निम्नानुसार हैः दुर्ग-857, राजनांदगांव-341, बालोद-102, बेमेतरा-67, कबीरधाम-118, रायपुर-2287, धमतरी-161, बलौदा बाजार-76, महासमुंद-303, गरियाबंद-101, बिलासपुर-342, रायगढ़-84, कोरबा-221, जांजगीर-चांपा-110, मुंगेली-33, पेण्ड्रागौरेला मरवाही-34, सरगुजा-65, कोरिया-96, सूरजपुर-88, बलरामपुर-23, जशपुर-117, बस्तर-80, कोण्डागांव-9, दंतेवाड़ा-6, सुकमा-6, कांकेर-87,नारायणपुर-2, बीजापुर-1 एवं अन्य राज्य में एक मरीज कोरोना पॉजीटिव दर्ज किया गया है।

भाजपा ने असम में चुनाव का अन्तिम चरण आते-आते चुनाव आयोग से भी गठबंधन कर लिया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर-गुवाहाटी (असम)। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व असम चुनाव के स्टार प्रचारक विकास उपाध्याय ने आज तीसरे व अन्तिम चरण चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा असम में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है और उसे इस चुनाव में भारी पराजय का सामना करना पड़ेगा और इस बात का आभास होते ही वह चुनाव आयोग के साथ मिली भगत कर बैक डोर से एन्ट्री करने संभावना तलाश रही है। उन्होंने और। ही गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, असम में उग्रवादियों से भी ज्यादा खतरनाक भाजपा के लोग हैं, जो उग्रवादियों की आड़ में खुद असम में दहशत फैलाकर फायदा लेने की फिराक में लगे रहते हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय आज असम चुनाव के अन्तिम दिन मीडिया को दिए अपने बयान में भाजपा पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने ईवीएम मशीन बीजेपी उम्मीदवार के गाड़ी में पाये जाने पर फिर से आज कहा, भाजपा अपनी हार को देख एनडीए के गठबंधन में चुनाव आयोग को भी सम्मिलित कर लिया महसूस होता है। विकास ने कहा, असम में हुए सभी तक के 02 चरण के मतदान जिस तरह से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए हैं, उससे साफ जाहिर है की भाजपा के शीर्ष नेता असम राज्य को साम्प्रदायिक कटुता के साथ तुलना कर हिंसक वारदात होने की संभावना तलाशते हैं, जो सिर्फ भाजपा के सोच की ही ऊपज है। जबकि वास्तविकता ये है कि असम में भाजपा उग्रवादियों से भी ज्यादा खतरनाक है। विकास उपाध्याय ने कहा, प्रदेश में अमन, चैन लाने एवं असम को विकसित प्रदेश की ओर ले जाने की सोच सिर्फ कांग्रेस महागठबंधन में है।

जिसे असम की जनता भलीभाँति समझ रही है और जिस तरह का माहौल चुनाव के प्रथम चरण से लेकर अन्तिम चरण तक देखने को मिल रहा है। यह इस बात का संकेत है कि भाजपा असम ही नहीं बल्कि पूर्वोत्तर के सभी 08 राज्यों से अब बेदखल हो जाएगी।

विकास उपाध्याय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता अब एक थका हुआ नेता की तरह देखती है। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश में घूम-घूम कर लोगों को झूठ बोलते रहे हैं, उसे देश की जनता अब इन सात वर्षों में महसूस भी करने लगी है। लोग भाजपा के अच्छे दिन के बदले अपने पुराने दिन को वापस करने की माँग करने लगें हैं। विकास ने कहा, वोट मांगने के लिए माईक पर चिल्ला-चिल्लाकर बड़े-बड़े आश्वासन देने से देश की बेरोजगारी व महंगाई कम नहीं हो जाती, उसे वास्तविक धरातल पर कार्यरूप में परिणीत भी करना पड़ता है। जिसे न ही केन्द्र की 07 साल की मोदी सरकार कर सकी, न ही असम की भाजपा सरकार ने। विकास उपाध्याय आज अन्तिम चरण के मतदान के पूर्व कहा, भाजपा असम में कितना भी षड़यंत्र कर ले, कांग्रेस महागठबंधन को सत्ता में आने से नहीं रोक सकती। असम की जनता कांग्रेस महागठबंधन पर विश्वास कर उनके साथ पूरे चुनाव में खड़ी है। पूरे असम में कांग्रेस महागठबंधन का ऐसा एक भी कार्यक्रम नहीं हुआ जहाँ लाखों की भीड़ न हो। उन्होंने असम कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया है कि वे इस चुनाव के महान अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर अन्तिम समय तक साथ चले और कांग्रेस को मजबूती प्रदान की।

संपादकीय

राज्यों की जिम्मेदारी तय हो

वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर दुनिया के तमाम देशों में कहर बरपा रही है। भारत में भी कोरोना की पहली लहर के मुकाबले दूसरी लहर ज्यादा घातक नजर आ रही है। पिछले साल जब कोरोना वायरस ने भारत में दस्तक दी थी। तब केन्द्र सरकार ने कोरोना वायरस के विस्तर को रोकने के लिए पूरे देश में लॉकडाउन किया था। जिसका परिणाम यह निकला की कोरोना वायरस की रफ्तार कम हो गई थी। लेकिन कोरोना वायरस का खतरा बना हुआ था। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए कई दौर की बातचीत की थी जिसमें कई मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री से कहा था कि कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकने के लिए राज्य सरकारों को अधिकार दिए जाए कि वे परिस्थिति के अनुसार एहतियाति कदम उठा सके। इस पर प्रधानमंत्री ने अपनी सहमति दे दी थी किन्तु महाराष्ट्र सहित कई प्रदेश की सरकारें अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वण करने में असफल रही। यहि वजह है कि महाराष्ट्र पुरे एक साल से कोरोना वायरस की चपेट में है और कोरोना की दूसरी लहर का सबसे ज्यादा असर भी महाराष्ट्र पर ही पड़ रहा है। जहां अब प्रतिदिन कोरोना वायरस से पीड़ित लगभग 50 हजार नए मामले सामने आ रहे हैं और लगभग 200 लोगों की मौत हो रही है। एक साल में भी महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना वायरस से पीड़ित लोगों के उपचार के लिए अस्पतालों में आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या नहीं कराई है और न ही बेड की संख्या बड़ाई है। यही वजह है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान वहां अस्पतालों में कोरोना पीड़ित मरीजों के लिए बेड मिल पाना मुश्किल हो गया है। नतीजतन लोगों से घर पर रह कर ही उपचार कराने की अपील की जा रही है। जिसमें गंभीर रोगियों की मौत हो रही है। कमोवेश यही स्थिति अन्य राज्यों की है जहां कोरोना से पीड़ित मरीजों की संख्या नित नए कीर्तिमान बना रहे हैं। ये वे राज्य है जहां कोरोना काल के दौरान भी अपना राजस्व बढ़ाने के लिए शराब दुकाने बार, होटल और शिक्षण संस्थानों को भी खोल दिया गया था। हालांकि इसके लिए गाइड लाइन जारी की गई थी लेकिन उस गाइड लाइन की मानिटरिंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी धड़ल्ले से होते रहे जिसमें हजारों की भीड़ जुटती रही और राज्य सरकारें कुंभकर्णिय नींद सोती रही। यही वजह है कि राज्य सरकारों के निक्कमेपन के कारण अब इन पांच राज्यों में कोरोना बेकाबू होता जा रहा है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि इस बारे में वह जल्द से जल्द सर्वाधिक कोरोना प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक करें और कोरोना की दूसरी लहर के असर को कम करने के लिए नए सिरे से रणनीति तय करें। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का कढ़ाई पूर्वक पालन कराने के लिए भी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी तय करें। तभी कोरोना वायरस की यह दूसरी लहर ज्यादा तबाही नहीं मचा पाएगी। यदि केन्द्र सरकार इन राज्यों के भरोसे बैठी रही और इन्हें ही रणनीति तय करने की छूट प्रदान करती रही तो निकट भविष्य में स्थिति विस्फोटक रूप धारण कर सकती है।

कांटे की जंग में फंसा बंगाल चुनाव

रमेश सर्राफ

> अब उनका वापस लौटना मुश्किल लग रहा है। ऐसे में कांग्रेस व वामपंथी दलों को अपनी पिछली स्थिति बरकरार रखना भी बहुत मुश्किल लग रहा है। पश्चिम बंगाल में 2 चरणों में 60 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। यहां कुल 8 चरणों में मतदान होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जगह-जगह जनसभाओं को संबोधित कर ममता सरकार पर करारा हमला कर रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से ममता बनर्जी पूरी तरह भाजपा के चक्रव्यूह में फंसी नजर आ रही है। ऐसे में फैसला बंगाल के मतदाताओं को करना है कि वह ममता बनर्जी को फिर से एक बार मुख्यमंत्री बनाएंगे या फिर 10 साल से शासन कर रही ममता बनर्जी के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे। फैसला तो आगामी 2 मई को वोटों की गिनती के बाद ही हो पाएगा।

पश्चिम बंगाल में चल रहे विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी के साथ कांटे के संघर्ष में फंसी नजर आ रही हैं। एक तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपना राजनीतिक वजूद बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी किसी भी तरह पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज होने का प्रयास कर रही है। इस बार विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को चुनाव जीतने के लिए जितनी मेहनत करनी पड़ रही है। वैसी स्थिति इससे पूर्व उन्होंने शायद ही कभी झेली हो। ममता दीदी चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद की हर नीति अपना रही है।

नंदीग्राम की एक चुनावी सभा में उनके पैर में लगी चोट को भी उन्होंने बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास किया था। उस घटना को उन्होंने खुद पर हमला होना बताया था। मगर चुनाव आयोग द्वारा करवाई गई जांच में उनके स्वतः ही चोट लगनी पाई गई थी। इस कारण उन को बैकफुट पर आना पड़ा था। उसके बाद से वह लगातार पैर पर प्लास्टर बांधकर व्हीलचेयर पर ही अपना चुनाव प्रचार कर रही है। ममता दीदी ने इस बार अपनी परंपरागत भवानीपुर विधानसभा सीट छोड़कर नंदीग्राम से चुनाव लड़ा है। जहां उन्हें अपने ही पुराने साथी शुभेंदु अधिकारी के साथ कड़ा संघर्ष करना पड़ा है। नंदीग्राम में चुनाव जीतने के लिए ममता दीदी ने लगातार तीन दिन तक घर-घर जाकर वोट मांगे थे। वोटिंग के दौरान भी वह एक बूथ पर जाकर 2 घंटे तक बैठी रही। इन सब घटनाओं से राजनीतिक प्रेक्षक अनुमान लगा रहे हैं कि ममता दीदी के लिए हालात अनुकूल नहीं लग रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में ममता दीदी के तृणमूल कांग्रेस को टक्कर दे रही भारतीय जनता पार्टी पूरे जोश से लबरेज नजर आ रही है। 2016 के विधानसभा चुनाव में मात्र 3 सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष के नेतृत्व में पिछले 5 सालों में ग्राउंड लेवल पर बहुत अधिक मेहनत की। ममता दीदी के करीबी व प्रभावशाली नेताओं को एक-एक कर तृणमूल कांग्रेस से तोड़कर भाजपा में शामिल करवाया और उनको टिकट देकर मैदान में उतारा है। जो

ममता दीदी के लिए सिरदर्द साबित हो रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी तेजी से बंगाली जनमानस में अपनी पैठ बनाते हुए लोकसभा की 18 सीटें जीतकर सभी राजनीतिक प्रेक्षको को चैंका दिया था। उस समय किसी को सपने में भी गुमान नहीं भी नहीं था कि भारतीय जनता पार्टी 18 सीटें भी जीत सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने मतदाताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर 40 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का समर्थन हासिल किया था। जो ममता दीदी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से मात्र 4 प्रतिशत ही कम थे।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखकर भी समय रहते ममता दीदी सचेत नहीं हुई। उन्होंने अपना वही पुराना तानाशाही रवैया बरकरार रखा। जिसका भाजपा ने बखूबी फायदा उठाते हुए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को तोड़कर पार्टी को लगातार झटका देती रही। आज ममता दीदी पूरी तरह भाजपा के चुनावी चक्रव्यूह में फंसी नजर आ रही है। ममता दीदी द्वारा अपने चिर विरोधी वामपंथी दलों सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं को पत्र लिखकर भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करना ममता दीदी की कमजोरी को ही दर्शाता है। ममता दीदी के पत्र लिखने से उनके प्रति समर्थन बढ़ने की बजाय विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा ही उनके खिलाफ बयानबाजी की जाने लगी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने तो ममता दीदी के विपक्ष के नेताओं को पत्र लिखने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें सबसे पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी हार के डर से ममता बनर्जी को विपक्ष को एकजुट करने की सूझ रही है। जबकि सत्ता में रहते वक्त उन्होंने सबसे अधिक कांग्रेस व वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं पर ही अत्याचार किए हैं। कांग्रेस और वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने के कारण ही पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी उभर पाई है। जिसका पूरा दोष ममता बनर्जी पर है। ममता बनर्जी के शासन में जमकर प्रदेश की जनता के साथ अत्याचार हुए हैं। उसका हिसाब तो उनको देना ही पड़ेगा व नतीजा भी भुगतना पड़ेगा।

पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के प्रचार की पूरी कमान जहां ममता दीदी के हाथ में है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संभाल रखा है। पिछले तीन सालों से भारतीय जनता पार्टी ने ग्राउंड लेवल पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा काम किया है। आज भारतीय जनता पार्टी के हर गांव में कार्यकर्ता है। जिसकी बदौलत ही भाजपा बंगाल चुनाव के मुख्य मुकाबले में आ पाई है। बंगाल में कांग्रेस वामपंथी दल मिलकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। लेकिन उनका कहीं कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। ममता दीदी को सत्ता से हटाने के लिए कांग्रेस व वामपंथी दलों के मतदाता भाजपा के पक्ष में जुट गए हैं। अब उनका वापस लौटना मुश्किल लग रहा है। ऐसे में कांग्रेस व वामपंथी दलों को अपनी पिछली स्थिति बरकरार रखना भी बहुत मुश्किल लग रहा है। पश्चिम बंगाल में 2 चरणों में 60 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। यहां कुल 8 चरणों में मतदान होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में जगह-जगह जनसभाओं को संबोधित कर ममता सरकार पर करारा हमला कर रहे हैं। राजनीतिक दृष्टि से ममता बनर्जी पूरी तरह भाजपा के चक्रव्यूह में फंसी नजर आ रही है। ऐसे में फैसला बंगाल के मतदाताओं को करना है कि वह ममता बनर्जी को फिर से एक बार मुख्यमंत्री बनाएंगे या फिर 10 साल से शासन कर रही ममता बनर्जी के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे। फैसला तो आगामी 2 मई को वोटों की गिनती के बाद ही हो पाएगा।

विचार

गर्मी : मौसम के बदले तेवर

मौसम की गर्मी ने इस साल अभी से अपने रंग दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग ने शनिवार तीन अप्रैल को लू चलने की चेतावनी दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश सहित दस राज्यों में अलर्ट जारी की गई है। इससे पहले मार्च महीने का औसत अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से साढ़े तीन डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसे पिछले 11 सालों में सबसे गर्म मार्च बताया गया है। होली के दिन तो पारे ने 76 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। राजधानी दिल्ली में उस दिन अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो उसे 31 मार्च 1945 के बाद से दिल्ली में मार्च का सबसे गर्म दिन बनाता है। बहरहाल, यह तो शुरुआत है। इस समय आम तौर पर देश में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है जबकि राजस्थान के कई इलाकों में पारा 40 पार कर चुका है और मौसम विभाग लू के थपेड़ों को लेकर आगाह कर रहा है। तकनीकी शब्दावली में, तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री बढ़ जाए तो उसे हीटवेव या लू कहा जाता है और सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाए तो वह सीवियर हीटवेव की स्थिति मानी जाती है। तापमान में अचानक आने वाली यह बढ़ोतरी काफी हानिकारक होती है। इससे मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। कोरोना महामारी ने पिछले करीब साल भर से न केवल आम लोगों को बल्कि हमारे पूरे स्वास्थ्य तंत्र को असाधारण तनाव में रखा है। ऐसे में मौसमी उतार-चढ़ाव से उपजी सामान्य बीमारियां भी एक हद से ज्यादा बढ़ीं तो यह देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकती है। तापमान में बढ़ोतरी का यह ट्रेंड नया नहीं है। 2020 भी पिछले 119 बरसों में आठवां सबसे गर्म साल था। बाढ़, भारी बारिश, बिजली गिरने, कोल्ड वेव और हीट वेव जैसी एक्स्ट्रीम वेदर इवेंट्स के लिहाज से कौन-सा देश कितने जोखिम में है, इसका पता क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स से चलता है। इस इंडेक्स में भारत 20वें नंबर यानी अधिक जोखिम वाले वर्ग में है। ऐसे मौसम के कारण देश को सालाना 70 हजार करोड़ रुपये तक का नुकसान भी होता है। भारत के विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हाल ही में कहा था कि हाल के दशकों में दुनिया भर में एक्सट्रीम वेदर इवेंट्स बढ़ी हैं और आने वाले समय में और बढ़ेंगी।

घाटी में नये सिरे से सिर उठाता आंतकवाद

राजेश माहेश्वरी

> साल 2019 के दौरान बनिहाल में आतंकियों द्वारा विस्फोटकों से भरी सेंट्रो कार के जरिए सीआरपीएफ काफिले पर हमला करने का प्रयास किया गया था। इस मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई थी। एनआईए ने गत सप्ताह इस मामले में चार्जशीट पेश की है। इसमें पता चला है कि आरोपी नवीद मुश्ताक शाह उर्फ नवीन बाबू जम्मू-कश्मीर पुलिस का पूर्व सिपाही था। वर्ष 2017 में जब वह एफसीआई में बतौर गार्ड तैनात था तो उसने बडगाम में हथियारों और गोला बारूद का शिविर लगाया था। पुलिस की नौकरी छोड़ने के बाद वह आतंकी समूह हिजबुल मुजाहिद्दीन में शामिल हो गया था। ऐसे कई उदाहरण हैं। कई विभागों में आतंकियों के मददगार बैठे हैं। पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर जम्मू में साढ़े छह किलो की आईईडी सहित एक आतंकी पकड़ा गया था।

कश्मीर घाटी में आतंकवाद फिर पैर पसारने लगा है। वहां हालिया महीनों में आतंकी गतिविधियां में एक बार फिर से तेजी आई है। बीते सोमवार को ही कश्मीर के सोपोर में बीडीसी चेयरपर्सन फरीदा खान पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक निजी सुरक्षा कर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। हमले में फरीदा खान गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) ने ली है। टीआरएफ एक साल पुराना संगठन ही है। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस का कहना है कि इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आंतकी शामिल थे। हाल हाल ही में जम्मू कश्मीर के सोपोर में एक और आतंकी हमला हुआ था। जिसमें उत्तरी कश्मीर के सोपोर जिले में आतंकियों ने एक पुलिस चैकी पर ग्रेनेड से हमला किया था। पुलिस चैकी पर हुए इस आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कश्मीर घाटी में अस्थिरता फैलाने के लिए पाकिस्तान द्वारा आतंकी तत्वों को समर्थन देने की बात तो अपनी जगह है ही, पर वहां हिंसा की घटनाओं में ताजा बढ़ोतरी की चैंकाने वाली बात यह है कि इनसे जुड़े ज्यादातर लोग स्थानीय हैं। आप किसी भी सैन्य कमांडर से पूछ लें, वे आपको बताएंगे कि किस तरह सुरक्षा बलों से मुकाबला कर रहे आतंकियों के बचाव में स्थानीय ग्रामीण आगे आ जाते हैं। ताजा हमले में भी सुरक्षा बलों को इसी तरह की आशंका है। क्योंकि धारा 370 हटाये जाने के बाद से घाटी में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों की मदद के बगैर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे पाना संभव ही नहीं है। वो अलग बात है कि बदले हालात में अब स्थानीय नागरिक आंतकियों की पैरवी में सड़कों पर नहीं उतरते और न ही पत्थरबाजी को अंजाम देते हैं। लेकिन फिर भी आंतकियों का स्थानीय लोगों से कनेक्शन किसी से छिपा नहीं है। धारा 370 हटने के बाद से घाटी में ठण्डे हो चुके आंतकी संगठन फिर एक बार सिर उठाने की कोशिशों में लग गए हैं। गृह मंत्रालय ने लोकसभा में लिखित जवाब दिया है जिसमें जानकारी दी गई है कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई आई है। इस साल फरवरी तक 15 आतंकी घटनाएं हुई हैं जिसमे 8 आतंकी मारे गए और एक जवान शहीद हुआ है। वहीं, पिछले साल यानी साल 2020 में 244 आतंकी

घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में 221 आतंकी मारे गए थे। गृह मंत्रालय के मुताबिक, साल 2019 में 594 आतंकी घटनाएं हुईं जिनमें 157 आतंकी मारे गए। वहीं 2020 में आतंकी घटनाओं में 6 आम नागरिक मारे गए, 33 जवान शहीद हुए थे। 2019 में 5 आम नागरिक मारे गए, 27 जवान शहीद हुए थे। दूसरी तरफ कहा यह भी जा रहा है कि लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर भारतीय सुरक्षा बलों की कड़ी कार्रवाई से आतंकियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के हौसले इस वक्त पस्त है। यही वजह है कि आतंकी इतने ज्यादा डर गए हैं कि वह भारत में घुसपैठ करने के लिए लॉन्च पैड पर आने से कतरा रहे हैं। बदले माहौल में आंतकी संगठनों ने भी अपनी रणनीति बदली है। अब वो स्थानीय व नये संगठनों के माध्यम से माहौल खराब करने की कोशिशों में नये सिरे से जुट गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी आईएसआई आतंकी संगठन लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन को आर्थिक मदद पहुंचाती है। इन संगठनों के घाटी में अच्छी खासी संख्या में स्लीपर सेल मौजूद हैं। लिहाज अब काफी हद तक घाटी में आतंकवाद की कमर टूट चुकी है, ऐसे में पड़ोसी देश और उसके आतंकी संगठन परेशान हो गए हैं। दुबई और तुर्की के जरिए आर्थिक मदद पहुंचाने का मामला सामने आ चुका है। जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन, अब नए सिरे से आतंकियों की भर्ती शुरू करने की योजना बना रहे हैं। घाटी में कई नए आतंकी संगठन पांव पसारना चाह रहे हैं। वे दिल्ली में एनएसए तक की रेकी कर रहे हैं।

सुरक्षाबलों की एक रिपोर्ट से इस बात का खुलासा हुआ है कि लॉन्च पैड पर नए साल में आतंकियों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है। सूत्रों के मुताबिक लॉन्च पैड पर जनवरी के महीने में सिर्फ108 आतंकी देखे गए हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियां लगातार एलओसी पर नजर रख रही हैं। आतंकी अब उन लॉन्च पैड पर आने से कतरा रहे हैं, जहां आकर वे घुसपैठ करने की कोशिश करते थे। सूत्रों के मुताबिक 108 आतंकी जो इस वक्त लॉन्च पैड पर हैं, उनमें से 103 जम्मू बॉर्डर के सामने हैं. कश्मीर घाटी के सामने लॉन्च पैड पर सिर्फ पांच आतंकी हैं। पाक प्रायोजित आंतकवाद का खामियाजा भारत कई बरसों से भुगत रहा है। पाकिस्तान की विदेश नीति में आंतकवाद अहम हिस्सा है। कश्मीर और अफगानिस्तान में आतंकवाद को बढ़ाने में पाकिस्तान की मिलीभगत के साफ सुबूत मिले हैं। आतंकवाद को कुचलने और घाटी में सामान्य व्यवस्था बहाल करने की बाजी भले ही काफी हद तक जीत ली गई है, मगर इसके बावजूद कुछ चुनौतियां सिर उठा रही हैं। जीती हुई बाजी को अगर बरकरार रखना है तो गृह मंत्रालय को अभी कई तरह के कदम और उठाने होंगे। आतंकी संगठन फिर से सिर उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आम लोगों के बीच रह रहे आतंकियों के स्लीपर सेल सुरक्षा बलों एवं जांच एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरे कानों में रस घुलता, तुम्हारा

मेरे कानों में रस घुलता, तुम्हारा गुनगुनाना जब। मेरा तबला ठुमक उठता, तुम्हारा धुन बजाना जब। सहर की ताज़गी लेकर हवाएं रक़्स करती हैं- मेरा जीवन महक उठता, तुम्हारा मुस्कुराना जब।।

अंशु विनोद गुप्ता

मदद करना सीखिये, फायदे के वगैर

मदद करना सीखिये, फायदे के वगैर मिलना जुलना सीखिए, मतलब के वगैर ज़िन्दगी जीना सीखिए, दिखावे के वगैर मुस्कुराना सीखिए, सेल्फी के बगैर प्रभु पर विश्वाश रखिये, किसी शंका के वगैर।

मोना सेन गुप्ता

खास पाती | राजे उल्फत बड़ी मुश्किल से

राजे उल्फ़त ,बड़ी मुश्किल से छुपाया हमने, दिल के जख्मों को, तेरे गम से सजाया हमने।। राहजन, रहनुमा, बन के यहां फिरते हैं, फासला रख के मिलो, लाख सिखाया हमने, जिंदगी हो के मेरी मेरी बनी है दुश्मन, जानो तन ,जिसके लिए आज लुटाया हमने ।आये ऐसे भी मकां जिंदगी की राहों में, जब्ते क़ामिल से जहां, होंठ चबाया हमने। जिंदगी तुझसे मेरा दर्द का रिश्ता ही रहा, दर्द ही दर्द मिले और क्या पाया हमने । तेरा हर ,जुल्म नया घाव हमें देता है, फिर भी, ए जाने जहां खुद को मिटाया हमने।।। छांट कर तेरी जिंदगी के चमन के कांटे, अपने दामन के दरीचों में सजाया हमने।। रोज़ोशब, आहोफ़ग़ा में ही गंवाई ममता दर्द सीने में ,मगर उसके न पाया हमने।। **ममता श्री सिंह**

दिहाड़ी मजदूर फिर से साहस करेगा

दिहाड़ी मजदूर फिर से साहस करेगा गाँव से लौटकर शहर आयेगा महानगरों की नींव में फिर से अपना पसीना मिलायेगा ईंट को ईंट से जोड़ेगा सड़क को सड़क से जोड़ेगा शहर को शहर से जोड़ेगा यह चक्र है मजदूर के जीवन का वह फिर से इस चक्र में वापस आयेगा...। **सरिता सैल**

कैसे लुटी अपनी दुनिया किसने रेकी

कैसे लुटी अपनी दुनिया किसने रेकी की है, यक़ीनन किसी ख़ास ने ही मुखबिरी की है,, दिल की दीवारों पर धुंए के धब्बे सबूत हैं,, कभी यहां पर उजालों ने खुदकुशी की है, मिलते ही लगा बैठते हम बेहिसाब उम्मीदें, इन्हीं उम्मीदों ने तो हमारी ऐसी-तैसी की है, उन्हें रास नहीं आयेंगे तेरी तरक्की के फूल, वो यार थे और शायद अब भी दोस्ती सी है, मां बाबा हाथों से रोटी सेंकते रहे हैं गांव में, और शहर में चर्चा कि तुमने तरक्की की है। **अनिल अनमोल शर्मा**

बिक्रम सी चली थी अकेले सफर

बिक्रम सी चली थी अकेले सफर पर और बैताल सा आ बैठा तू लद गया पीढ पर गढता रहा दिन प्रतिदिन सच्ची झूठी कहानियाँ सुनाकर मुझे पूछता रहा मुझसे प्रश्न पर प्रश्न सोचती हूँ काश न होते मेरे पास तेरे प्रश्नों के उत्तर तो मुक्त हो जाती मैं तेरे पहले ही प्रश्न पर। **गीता कैथल**

खुशियाँ कम और अरमान

खुशियाँ कम और अरमान बहुत हैं, जिसे भी देखो, परेशान बहुत है, करीब से देखा तो, निकला रेत का घर, मगर दूर से इसकी, शान बहुत है, कहते हैं सच का, कोई मुकाबला नहीं, मगर आज झूठ की, पहचान बहुत है, मुश्किल से मिलता है, शहर में आदमी, यूं तो कहने को, इन्सान बहुत हैं। **श्री कांत गुप्ता**

बिटुआ मुख्तार इब छोड़ो पंजाब

बिटुआ मुख्तार इब छोड़ो पंजाब से प्यार अपने यूपी में होय रहा तोहार इन्तेजार । पतले दस्त का ज्यादा बहाना न बनाओ काहे पिलपिले हुए जाते हो यार । व्हीलचेयर पर दीदी के भय्या लगत हो का का छि छी पे उतर आए हो बरखुरदार। **राजीव वर्मा**

सदियों से उनकी जब हमपे रहमत

सदियों से उनकी जब हमपे रहमत नहीं, तो हमें भी कोई उनकी चाहत नहीं । हिन्दू मैं, दोस्ती मोमिनों से करूं, ये सियासत है, कोई मुहब्बत नहीं। हम न जायेंगे परदेस धन के लिये, ये न समझो कि धन की ज़रूरत नहीं। माना परदेश की ज़िन्दगी अच्छी है, पर वहां रिश्तों की कोई क़ीमत नहीं। खेती करने से अच्छी है इक नौकरी, दानी इस बात से आज सहमत नहीं । **डॉ संजय दानी**

QUIZ TIME

1) किस साधु ने 'धर्म' को यह श्राप दिया था कि वे विधुर के रूप में पुनर्जन्म लेंगे?
2) हिंदू मान्यता के अनुसार विष्णु का दसवां एवं अंतिम अवतार कौन है?
3) ईसा पूर्व 218 से 210 के बीच रोमनों ने किस अफ्रीकी राष्ट्र के विरूद्ध द्वितीय प्यूनिक युद्ध लड़ा था?
4) चींटी खाने वाले किस अफ्रीकी स्तनधारी के नाम का अफ्रीकी भाषा में अर्थ होता है, 'जमीनी सूअर'?
5) मर्लिन ब्रांडों ने 1978 की किस फिल्म में काम करने के लिए 3 मिलियन डॉलर लिए थे, जिसके साथ वे फिल्म उद्योग में सर्वाधिक धनराशि प्राप्त करने वाले अभिनेता बन गए?



Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) माण्डव्य (2) कल्कि (3) कार्थेज (4) आर्डवर्क (5) सुपरमैन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1479- सिक्खों के तीसरे गुरु गुरु अमरदास का जन्म। 1722- जेकब रोजरविन ने पूर्वी आयरलैंड की खोज की। 1843- ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने हॉगकॉग को ब्रिटिश कॉलोनी में शामिल किए जाने की घोषणा की। 1908- भारत के प्रथम दलित उप प्रधानमंत्री एवं राजनेता बाबू जग जीवन राम का जन्म। 1922- प्रख्यात भारतीय विदुषी एवं समाज सुधारक पंडिता रमाबाई का निधन। 1930- महात्मा गांधी अपने अनुयायियों के साथ नमक कानून तोडने के लिए दांडी पहुंचे। 1949- भारत में स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना हुई। 1955- विस्टन चर्चिल ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया। 1957- देश और दुनिया में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न चुनाव के बाद केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई और ईएमएस नम्बूदरीपाद ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 1961- भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली 'इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी' की स्थापना हुई। 1964- नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया। 1975- सऊदी अरब के राजा फैजल की हत्या हुयी। 1979- देश का पहला नौसेना संग्रहालय मुम्बई में खुला। 1991- अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण हुआ। 1993- बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या भारती की रहस्यमय तरीके से मौत। 2002- भारत, म्यांमार तथा थाइलैंड के बीच मोरे-कलावा-मांडले सड़क परियोजना पूरी करने हेतु सहमति।

यह कैसी जागरूकता: कोरोना से हुई मौत तो सरपंच व ग्रामीणों ने शव गांव लाने नहीं दिया

बालोद में जन सहयोग से पालिका ने करवाया अंतिम संस्कार, बचा ली मानवता

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। बालोद जिले में मानवता उस वक्त तार-तार हो रही थी जब ग्राम आमाडुला व सोरम भटगांव के सरपंच व वहां के ग्रामीणों द्वारा एक कोरोना से मृतक के शव को गांव के मुक्तिधाम में लाने से मना कर दिया गया। लेकिन इस तार-तार होती मानवता को बालोद के लोगों ने बचा लिया। बालोद नगर पालिका प्रशासन सहित शहर के युवाओं द्वारा मानवता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बालोद के मुक्तिधाम में कोरोना गाइडलाइंस के अनुसार उक्त मृतक के शव का अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे कराया गया। बता दें कि मूल रूप से सोरम भटगांव जिला धमतरी के रहने वाले विक्रम सिंह विगत 4 साल से आमाडुला अपने ससुराल में रह रहे थे। इस दौरान उनकी तबीयत खराब हुई और उन्हें जांच के लिए गांव के अस्पताल ले जाया गया। जहां रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। फिर उन्हें जिला कोविड-19 अस्पताल बालोद लाया गया। पर यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके शव को मर्च्युरी में रखवाया गया था। जब मृतक की पत्नी ने गांव वालों को इसकी खबर दी कि उनके पति अब नहीं रहे, कोरोना के कारण मौत हुई है ये जानकर उनके शव को गांव जाने से मना कर दिया। सरपंच ने भी हाथ खड़े

कर दिए। मृतक की पत्नी गर्भवती है साथ में एक बच्चा, उनकी सास भी थी। जो कल दिन भर अंतिम संस्कार को लेकर परेशान रहें और शव ना ले जा पाने की स्थिति में बालोद के मर्च्युरी के बाहर ही बैठकर मदद की गुहार लगाती रही। इसकी जानकारी मिलने के बाद बालोद जिला अस्पताल के ही एक स्टाफ सहित भाजपा नेता शरद ठाकुर व कुछ लोगों ने महिला की मदद की और उनके ठहरने का इंतजाम किया। अटल आवास कुंदरू पारा में उनके खाने की व्यवस्था की गई। पहले तो रैन बसेरा से संपर्क किया गया कि वहां उन्हें ठहराया जाए। पर कोरोना को देखते हुए वहां पर बाहर से आने वाले लोगों को अभी ठहरने की अनुमति नहीं दी गई थी। इससे फिर लोगों ने उन्हें निजी आवास में ठहराया और उनके परिवार के खाने-पीने का इंतजाम किया। फिर दूसरे दिन युवा कांग्रेस के नेता राजू तोप शर्मा ने नगरपालिका के अफसरों से बात करके नगर पालिका क्षेत्र के मुक्तिधाम में उनके पति के शव का अंतिम संस्कार करवाने की अनुमति मांगी। नगर पालिका प्रशासन ने अनुमति दे दी और प्रशासनिक सहयोग सहित बालोद वासियों के सहयोग से उनके पति के शव का अंतिम संस्कार हो पाया।

बाहर से आने वाले लोगों के रुकने का हो इंतजाम

यह घटना किसी के साथ भी हो सकती है। लगातार कोरोना से बालोद जिले में मौते हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली लोगों के लिए उस वक्त बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाती है जब उनके परिवार में कोरोना से किसी की मौत होती है और रात गुजारने के लिए उनके पास ठिकाना तक नहीं होता। रैन बसेरा में अभी ठहरने की अनुमति नहीं दी जा रही है। तो वहां ऐसे में पीड़ित लोग कहां ठहरे , इसकी चिंता भी शासन-प्रशासन को होनी चाहिए और उनके लिए भी स्थाई व्यवस्था होनी चाहिए। इस केस में तो जैसे तैसे लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की और गांव ना सही बालोद शहर के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हो गया। पर आने वाले दिनों में ऐसा और किसी के साथ भी हो सकता है। इसलिए शासन प्रशासन को इस पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए यह लोगों की भी मांग है।

क्या इतनी भी मानवता नहीं

आमाडुला सरपंच सहित सोरम भटगांव के सरपंच व ग्रामीणों द्वारा गांव में कोरोना से मौत होने पर शव के अंतिम संस्कार से इनकार किया जाना मानवता को तार-तार करती ही है। तो यह जागरूकता के अभाव का एक बड़ा उदाहरण है। जबकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर कोरोना से किसी की मौत होती है तो उनका सामान्य अंतिम संस्कार नहीं होता। बल्कि कोरोना गाइडलाइंस के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम उनका अंतिम संस्कार कर दी है। पीपीई किट पहनकर कुछ परिजनों को मुक्तिधाम स्थल पर जाने की इजाजत रहती है। पर इतनी अज्ञानता है कि उक्त गांव के लोगों ने शव को गांव लाने से ही मना कर दिया। फिर क्या था दिन भर मृतक की पत्नी, उनकी मां परेशान रही।

न्यूज गैलरी

लोगों के लिए मिसाल बने भाई रवि शंकर निषाद ने गरीब बच्चे को बांटे चप्पल

खरोरा। लोगों के लिए कुछ अच्छा करने की चाहत , लोगों के लिए मिसाल बना आज के इस प्रगतिशील समय में लोग इतने व्यस्त हैं कि किसी की मदद करना तो दूर एक दूसरे से मिलने जुलने का भी समय नहीं है। इन सबसे परे गौरव की बात यह है कि आज भी हमारे देश में दीन दुखियों और गरीब लोगों की मदद करने के लिए कुछ लोग समाज में जीवित हैं जो अपनी इंसानियत से लोगों का दिल जीत लेते हैं। ऐसे ही इंसानियत का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हमारे संजीवनी रक्तदाता संघ के सदस्य रवि शंकर निषाद ग्राम बंगोली निवासी ने एक निसहाय बालक जो तपती धूप में नंगे पैर भीख मांग रहा था जिसकी हालत भाई रवि से देखी नहीं गई और उन्होंने उसे अपने साथ चप्पल दुकान ले जाकर उसे चप्पल खरीद कर दिया। रविशंकर ने बताया की उस बालक को चप्पल खरीद कर देने के उपरांत उसके चेहरे पर एक ऐसी मुस्कुराहट झलकी जैसे मानो उसके जिंदगी में कोई दुख और तकलीफही ना हो और उसकी खुशी को देखकर मुझे भी बहुत शांति मिली। संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान ने रविशंकर की तारीफकरते हुए कहा कि हमारी वजह से अगर किसी की जिंदगी में खुशी उत्पन्न होती है तो यह हमारा सौभाग्य है।

दूरी न अपनाने और मास्क नहीं पहनने वालों से निकाय ने वसूला 11हजार का जुर्माना

गंडई पंडरिया। नगरीय क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को मद्देनजर रखते हुए तहसीलदार टी आर वर्मा सी एम ओ प्रमोद कुमार शुक्ला और थाना गंडई से सब इंस्पेक्टर राजेश साहू द्वारा लगातार गंडई बाजार में कोरोना गाइडलाइन का पालन नही करने वाले दुकानदारों पर जिला प्रशासन के निर्देश पर कार्यवाही कर जुर्माना वसूला जा रहा है।इसी कड़ी में कल शनिवार को गंडई टिकरीपारा वार्ड 12 निवासी कामता देवांगन एवं राजकुमार देवांगन के कपड़ा दुकान में गाँव से खरीददारी करने आये लोगो का जमावड़ा होने के साथ साथ सोशल डिस्टेंस का पालन नही करने पर दोनो दुकानदारों से 3000-3000 हजार का जुर्माना वसूला है । और गंडई के मुख्य मार्केट में बिना मास्क के दुकानदारी कर रहे लोगो से 5000हजार का उल्लंघन शुल्क वसूला है। कार्यवाही लगातार नगर में जारी है। सी एम ओ प्रमोद शुक्ला ने अपील किया है कि कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को ध्यान रखते हुए सख्ती के साथ नियम का पालन करे साथ ही लोगो को मास्क सेनेटाइजर सोशल डिस्टेंस का नियमित उपयोग करने के साथ ही जो 45 वर्ष के है वह कोरोना का टीका अवश्य लगाये अधिकारीयो के टीम ने लोगो से अपील की है।

इको क्लब ऑनलाइन कार्यशाला का हुआ आयोजन

गंडई पंडरिया। गंडई के निकट ग्राम धोधा के शासकीय उच्च माध्यमिक शाला में इको क्लब द्वारा पर्यावरण से संबंधित वृक्षारोपण एवं उनका रखरखाव सुरक्षा सड़क सुरक्षा यातायात नियम का पालन एवं नशीले प्रदार्थ का दुष्टप्रभाव पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन कल शनिवार को किया गया।इस आयोजन में संस्था के प्राचार्य दुर्जन राम जंघेल ने विद्यालय में इको क्लब के गठन का उद्देश्य बताया।तथा वृक्षारोपण उनका रख रखाव सड़क यातायात सुरक्षा नियम का पालन एवं नषीले प्रदार्थ का दुष्टप्रभाव पर विस्तार से चर्चा किया गया है।यह आयोजन इको क्लब प्रभारी ए के वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया है।इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक जे पी श्रीवास्तव वाई एम वर्मा अर्चना चौबे मंजू सिंह पाल प्रतिमा धनकर समिता अग्रवाल पुष्पा देवांगन एवं छात्र छात्रा ऑनलाइन उपस्थित रहे।

सरपंच प्रतिनिधि के संरक्षण मे चल रहा है सट्टा और शराब का अवैध कारोबार

सरपंच ही देते है अवैध कार्यो को बढ़ावा, ग्राम पंचायत मानपुर नाका का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। गंडई से महज 8 से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मानपुर नाका इन दिनों अवैध गतिविधियों का गढ़ बन गया है। ग्राम पंचायत मानपुर नाका मे सरपंच प्रतिनिधि के संरक्षण में जमकर अवैध कारोबार खुलेआम धड़ल्ले से चल रहे है। जिसमें अवैध जुआए सट्टाए अवैध शराब का कारोबार शामिल है।

स्थानीय ग्रामीण सूत्रों का आरोप है किए ग्राम में कई कोल माइंस मौजूद है। जिनमें काम करने वाले मजदूर अपनी दैनिक मजदूरी की कमाई का पैसा अवैध रूप से चल रहे सट्टे की केंद्रों में जुआए सट्टा लगाकर खर्च कर रहे हैं। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मानपुर नाका मे सरपंच प्रतिनिधि के संरक्षण मे जुआए सट्टा खुलेआम संचालित किया जा रहा है जिससे अपराध अपने पैर पसार रहा है। वहीं मौजूद ग्रामीणो ने नाम न बताने के शर्त पर बताया की 24 घंटे अवैध शराब बिक रही है। जिसमें खुलेआम शराब परोसी जा रही है। इस अवैध कारोबार में गंडई के राजनीति से जुड़े लोगो का संरक्षण प्राप्त है।

आसपास के लोग पहुंचते हैं सट्टा खेलने

ग्रामीण सूत्रो से जानकारी मिली की मानपुर और आस पास के लोग यहाँ सट्टा खेलने बड़ी संख्या मे पहुँच रहे है जिससे गाँव मे नए नए व्यक्ति देखने को मिलते है जिससे गाँव व यहाँ के व्यक्ति को खतरा हो सकता है। वही ग्राम पंचायत मानपुर नाका सरपंच सरिफून जैनूल खान से मोबाइल फोन 6260367798ए 8966098099 से फोन के माध्यम से पिछले 3 से संपर्क करने की कोशिस की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

> होली के दिन ही ग्रामीणो के द्वारा सूचना मिली थी की अवैध शराब बिक्री व अवैध कार्य हो रहे है जिस पर पूरी टिम के साथ मौके पर तलाशी ली गई जहां कुछ नहीं पाया गया आगे और सूचना मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **शशिकांत सिन्हा,** थाना प्रभारी गंडई

बुजुर्गो ने की अवैध शराब बिक्री और सट्टे के सरगना पर हो कार्रवाई की मांग: ग्रामीण कस्बों में अवैध शराबए जुआ व सट्टा से समाज को बचाने के लिए गाँव के बुजुर्गो ने कहा की प्रशासन को इस ओर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए पुलिस प्रशासन को इस ओर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। और बुजुर्गो ने कहा की शासन.प्रशासन की कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबार में लिप्त छोटे कर्मचारी और खाईवाल तथा उनको प्राश्रय देने वालों के हौसले बुलंद हैं। स्कूली छात्र व बेरोजगार युवा वर्ग अवैध कारोबार के जाल में फंसते जा रहे हैं। जिसके कारण घर.परिवार व मोहल्लों में अशांति का वातावरण व्याप्त है।

...जब बच्चे को शाबाशी देने लगे बालोद के थाना प्रभारी गैंदसिंह ठाकुर

बालोद। यह तस्वीर बालोद शहर के एक वार्ड की है। जहां पर जब थाना प्रभारी गैंदसिंह ठाकुर निरीक्षण के लिए निकले थे कि कहीं कोई बिना मास्क के तो नहीं घूम रहा है। मास्क ना पहनने वालों पर लगातार कार्यवाही भी जारी है। ऐसे में जब निरीक्षण के दौरान एक घर से अचानक एक बच्चा बाहर निकला तो उन्हें मास्क पहना देखकर थाना प्रभारी खुश हुए और उन्हें शाबाशी देने लगे। उनके इस शाबासी का उद्देश्य था कि इस छोटे से बच्चे की जागरूकता से सभी को सीख लेनी चाहिए और हमें मास्क पहनना चाहिए। पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि कोरोना से बचने के लिए मास्क जरूरी है। यह तस्वीर आज दिनभर सोशल मीडिया में भी वायरल हो रही है और लोग इस नादान बच्चे की बड़ो जैसी जागरूकता की सराहना कर रहे हैं।

जितनी कड़ाई, उतनी ढिठाई

- संक्रमण के बढ़ते मामलों के बाद भी लोग नहीं सुधर रहे

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा शहर सहित ग्रामीण अंचलो सहित जिले में एक बार फिर से कोरोना के बदते प्रकरणों के देखने के बाद भी लोग जागरूकता का परिचय नही दे रहे है ।जुर्माना भर देंगे लेकिन नहीं लगाएंगे मास्क। सोशल डिस्टेंस... ये बेकार की कसरत है। सैनिटाइजर है तो सही लेकिन बार-बार ऐसा करना बेकार का काम है। कुल मिलाकर, नहीं मानेंगे एडवाइजरी, मतलब बचाव के हर जरूरी उपाय से किनारा किया जा चुका है।

धारा- 144, फिर कारोबार संचालन का टाइम-टेबल तय किया गया। अब साप्ताहिक हाट-बाजार पर लगाई बंदिश। यह सब, हमारी ही सुरक्षा के लिए किया जा रहा प्रयास है लेकिन हमने नहीं सुधरने की ठानी हुई है तभी तो, ना सलाह मानी जा रही है, ना गाइड लाइन से सरोकार रखा जा रहा है। परिणाम, संक्रमण और पॉजिटिव मरीजों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आ रहा है।

चालू हुआ बंदिशों का दौर

केंद्र, राज्य और जिला प्रशासन की हर सलाह जिस तरह कूड़े के ढेर में से फेंकी जा रही है उसके बाद अब प्रशासन ने कड़े फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। पहले धारा- 144 लगाई, फिर कारोबार संचालन के लिए समय निर्धारित किया। अब साप्ताहिक हाट-बाजार अनिश्चित काल के लिए बंद करने का फैसला लिया जा चुका है। इसके बावजूद हमने सबक नहीं लिया है। सावधान... लॉकडाउन कभी भी दिखाई दे सकता है।

> कोरोना से बचने के लिए जारी गाइडलाइन का पालन गंभीरता से करें। जो लोग बाहर से आ रहे हैं उन्हें नियमों के अनुसार टेस्ट करवाना होगा। इसलिए समझदारी दिखाएं और यह काम प्राथमिकता के साथ करें।
>
> **सुनील कुमार जैन,** कलेक्टर, बलौदा बाजार- भाटापारा

छिपा रहे जानकारी: कारोबार, पर्व और भ्रमण के सिलसिले में यात्रा का दौर चल रहा है। वृंदावन, मथुरा जाने वाले भक्तों की संख्या बढ़ी हुई है। गोवा, कन्याकुमारी जैसे पर्यटन स्थल की सैर पर जाने वालों की भी संख्या अच्छी-खासी हैं। इलाहाबाद और बनारस से भी आना-जाना बढ़ता दिखाई देता है। नियम यह है कि दीगर राज्य की यात्रा करने वालों को वापसी में कोविड टेस्ट अनिवार्य रूप से करवाना है लेकिन हमने इसे भी कूड़ेदान में डाल दिया है।

पूर्व सैनिकों का युवा मोर्चा ने किया सम्मान

भाटापारा। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 'सेना-सैनिक के सम्मान में भाजपा युवा मैदान में' कार्यक्रम के तहत 'शौर्य सैनिक सम्मान समारोह' का आयोजन भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के निर्देश पर मंडल के भाजयुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्तओं के साथ पूर्व सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु (गोलू) के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें भूतपूर्व सैनिक सूर्यकांत अग्रवाल, सुनील तिवारी, नरेन्द्र सोनी, धीरेंद्र कुमार का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु ने कहा कि आज देश की सेना का पराक्रम पूरी दुनिया देख रही है। भारत के वीर सैनिकों ने हर बार दुश्मन देश के सैनिकों का डटकर मुकाबला किया है और उन्हें उनके ही शब्दों में जवाब देने का कार्य किया है। यदु ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल कूटनीति और सैनिकों के प्रति अटूट विश्वास के कारण चीन जैसे देश को भी भारत जवाब देना जान गया है। पिछले वर्षों में भारत ने पाकिस्तान के ऊपर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके उसे सबक सिखाने का काम किया है जो भारतीय सेना के बहादुरी का सबूत है।भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार देश के वीर सैनिकों की शहादत और बलिदान की वजह से देश आज अनेक विरोधी ताकतों से सुरक्षित है। ऐसे में हमे अपने देश की सेना पर गर्व है। चाहे कारगिल युद्ध हो,सर्जिकल स्ट्राइक या सीमा पार से हो रहे लगातार आतंकी हमले हर मौके पर भारत के जांबाज सैनिकों ने देश की सुरक्ष और इसकी अस्मिता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने का काम किया है। और उनके इस त्याग और समर्पण के लिए देशवासी हमेशा ऋणी रहेंगे ,,जिसमें पूर्व सैनिकों ने अपने कालखंड में किए गए उन तमाम अनुभवो को साझा किया,, कार्यक्रम को कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए किया गया..उक्त कार्यक्रम में मंडल भाजयुमो अध्यक्ष आशिष टोडर,महामंत्री अविनाश शर्मा,महामंत्री पिंटू लहरे,उपाध्यक्ष शुभम राजपूत,सूरज शर्मा भी उपस्थित थे..

साढू के घर से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। मेहमान बनकर आये साढू को सोने चांदी के गहने और नकदी रकम की चोरी करने के मामले में सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।सिमगा पुलिस आरोपी को रिमांड में भेज आगे की विवेचना कर रही है। उपरोक्त सम्बन्ध में सिमगा थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान ने बताया की ग्राम ,,,निवासी ,,,ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 1 अप्रैल को रात्रि करीबन 10:00 बजे खाना खाकर प्रार्थी अपने परिवार तथा घर में आए मेहमान साढू कुलदीप सोनकर सो गए थे । सुबह उठने पर प्रार्थी का साढू कुलदीप सोनकर सुबह उठकर घर से चला गया था तकरीबन सुबह 9:00 बजे देखे तो घर के कमरे में रखे पेटी का कुंदा टूटा हुआ था पेटी को चेक करने पर पेटी में रखें एक नग चांदी का करधन 1 जोड़ी चांदी का साँटी एक नग चांदी का बेनिफुल दो नग चाबी रिंग एवं पेटी में रखे नकदी रकम ?12000 नहीं था संदेह है कि प्रार्थी का साडू कुलदीप सोनकर पेटी में रखे सामान एवं नकदी रकम को चोरी कर ले गया। उक्त रिपोर्ट होने के बाद सिमगा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक को घटना से अवगत कराते हुए उनसे मार्ग दर्शन लिया।थाना प्रभारी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर पुलिस टीम द्वारा 3 अप्रैल को प्रार्थी के साढू श्याम नगर आरंग जिला रायपुर में दबिश देकर कुलदीप सोनकर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी कुलदीप सोनकर पिता लखन लाल सोनकर उम्र 36 वर्ष साकिन श्यामनगर आरंग जिला रायपुर के कब्जा पास से एक चांदी का करधन कीमती ?88600 को जप्त कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश कुमार चौहान उप निरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी प्रधान आरक्षक शत्रुघ्न सिन्हा आरक्षक धर्मेंद्र यादव केशव भट्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नहर में पानी नहीं होने से क्षेत्र के किसानों को दो फसल लेने में आ रही दिक्कत : योगेश

- तांदुला जलाशय को लिंक नहर के जरिए गंगरेल बांध से जोड़ने की मांग, बेमेतरा विस के तालाब व जलाशय सूखे
- किसान नेता योगेश तिवारी ने राज्य सरकार पर क्षेत्र की उपेक्षा के लगाए आरोप

बेमेतरा। ग्रीष्म ऋतु में जलाशयों का जलस्तर कम होने लगा है, इससे किसानों के लिए फसलों की सिंचाई में समस्या होने लगी है। किसान नेता योगेश तिवारी ने गंगरेल बांध से तादुंला जलाशय को लिंक नहर से जोड़ने की मांग की है। ताकि किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए 12 महीने भरपूर पानी मिल सके। वर्तमान में तादुंला जलाशय से निकली नहरों में 12 महीने पानी नही रहता है। बेरला ब्लॉक में तांदुला जलाशय से भरने वाली नहर पूरी तरह से सूखी है। नतीजतन किसानों को दो फसल लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। भूजल स्तर गिरने से समस्या और अधिक गम्भीर हो गई है ।

राज्य सरकार पूर्व में बने प्रोजेक्ट को स्वीकृत कर बनाए नहर – किसान नेता के अनुसार चार जिले बेमेतरा, बालोद, दुर्ग, पाटन को सिंचाई एवं निस्तारी के लिए छोटे तालाब व जलाशय भरने के लिए तांदुला जलाशय से नहरों के जरिए पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन तांदुला जलाशय में सिर्फ 30 प्रतिशत जल भराव है, ऐसी स्थिति में निरन्तर पानी नही छोड़ा जा रहा है, इसलिए लिंक नहर को लेकर पूर्व में बने प्रोजेक्ट को स्वीकृत कर, कार्य शुरू करने की मांग की जा रही हैं।

जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का दंश झेल रहे क्षेत्र के किसान – किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के किसान लम्बे समय से गंगरेल डेम और तादुंला जलाशय को लिंक नहर से जोड़ने की मांग कर रहे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण अभी तक किसानों का सपना पूरा नहीं हो पाया हैं। जबकि बेमेतरा कृषि प्रधान जिला होने के चलते 80 प्रतिषत किसानों को 12 महीने पानी की उपलब्धता होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य है कि इतने साल बीत जाने के बाद भी किसानों को अब तक सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता है। इससे किसान गर्मी में फसल नहीं ले पाते है।

लोकसभा क्षेत्र से कद्दावर नेता, फिर भी किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

वर्तमान में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से चार जनप्रतिनिधि राज्य सरकार के बड़े पदों पर आसीन है, इनमें बेमेतरा जिले के साजा क्षेत्र से रविन्द्र चौबे कृषि मंत्री, पाटन विधायक व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं महिला व बालविकास मंत्री अनिला भेड़िया है। बावजूद क्षेत्र के किसानों लाभ नही मिल पा रहा है, घोषणाएं कागजी खानापूर्ति के अलावा और कुछ नही है। सिचाई योजनाओं में विस्तार नही होने से किसान मायूस है ।

सड़क किनारे गौठान निर्माण, राहगीरों को होने वाली परेशनी पर कोई विचार नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। सरकार लाखों रुपए खर्च कर गौठान निर्माण करा रही है। ताकि हजारों आवागमन करने वाले राहगीर मवेशियों के चलते दुर्घटना का शिकार ना हो सके लेकिन ग्राम पंचायत भेजीपदर के जिम्मेदार मुख्य मार्ग के किनारे गोठान निर्माण कराकर आम राहगीरों को परेशानी में डालते दिखाई पड़ रहे हैं। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत भेजीपदर पर गौठान स्वीकृत किया गया। और पुराने रिकॉर्ड में आरक्षित जगह पर सरपंच सचिव ने गौठान बनाना शुरू कर दिया। जबकि गौठान भेजीपदर से अमलीपदर कांडेकेला मुख्य मार्ग पर स्थित है। जहां से करीब 45 गांव के हजारों लोग आए दिन आवागमन करते हैं ।बावजूद इसके मुख्य मार्ग की श्मशान घाट स्थित भूमि पर गोठान निर्माण हो रहा है। बकायदा सरपंच सचिव ने वर्मी कंपोस्ट और अजोला टैंक बनाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा सड़क से सटाकर तार से घेराव करने की बात भी कही जा रही है। इससे सड़क सकरा होने के साथ आवागमन पूरी तरह प्रभावित होगी ।क्योंकि उक्त गौठान के आगे पीछे सड़क से उतरने के लायक बिल्कुल भी जगह नहीं है। इसके अलावा गौठान के चंद कदम की दूरी पर बिजली ट्रांसफार्मर भी स्थापित है ।जहां अधिकांश दिन तारों के बीच टकराव होता है। जिसमें चिंगारी भरमार निकलती है। ऐसे सारी हकीकत से वाकिफ सरपंच सचिव मुख्य मार्ग स्थित पर गौठान बनाने से पीछे नहीं है ।बकायदा अधिकारी भी सड़क किनारे निर्माण गौठान से अवगत हैं ।लेकिन पुराने रिकॉर्ड का हवाला देकर लोगों की जिंदगी को खतरे में डालते नजर आ रहे हैं। जबकि वर्तमान में पंचायत के अंतर्गत कई शासकीय भूमि है । जहां आसानी से गौठान बनाया जा सकता है ।हालांकि शासकीय भूमि गांव के बाहर होना बताते है ।और इसी कारण सरपंच सचिव ने सड़क किनारे की जगह छोड़ अन्य जगह पर गौठान बनाने के लिए रुचि नहीं दिखाया। जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में दुर्घटना का शिकार होकर आम राहगीरों को चुकाना पड़ेगा।

> सड़क किनारे निर्माण हो रही गौठान से आवागमन प्रभावित तो होगी लेकिन यह जगह पहले से गोठान निर्माण के लिए आरक्षित रहा है
>
> **देवी सिंह मांझी,** ग्राम पंचायत सचिव भेजीपदर

जिले में आज 5 अप्रैल को नहीं होगा टीकाकरण

भाटापारा। जिले में आज 5 अप्रैल सोमवार को केवल एक दिन के लिए टीकाकरण का कार्य स्थगित किया गया है। सीएमएचओ डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि टीकाकरण केन्द्रों के रख-रखाव और विसंक्रमण कार्य के लिये केवल एक दिन के लिए टीकाकरण कार्य स्थगित रखा गया है। मंगलवार 6 अप्रैल से पूर्व निर्धारित केन्द्रों पर फिर से टीकाकरण कार्य शुरू हो जाएगा। इसलिए उन्होंने नागरिकों से टीका लगाने के लिए सोमवार को न आकर सीधे मंगलवार 6 अप्रैल को अपने समीप स्थित केन्द्रों पर आने का अनुरोध किया है।

ब्लॉक कांग्रेस परिवार ने बीजापुर के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

खरसिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जिला महामंत्री अभय मोहंती ने अपना जन्मदिन न मनाते हुये उन शहीद जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में प्रदेशवासियों की सुरक्षा के लड़ाई लड़ते हुये हमारे जवान शहिद हुये और प्रदेश में नक्सलियों से लोहा लेते हुऐ वतन के लिये अपने जान की बलिदानी दी। इसी कड़ी में आज खरसिया विधानसभा के कांग्रेस कार्यालय मदनपुर में पूरे ब्लॉक कांग्रेस के कांग्रेसी उपस्थित होकर 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुये मोमबत्ती जलाकर वीर शहीदों के अमर रहने की गगनचुम्बी नारों के साथ जयघोष किया ।

इस अवसर पर अभय मोहंती, सुकदेव डनसेना, नेत्रानंद पटेल, पूर्णिमा विजय जायसवाल, मसतराम चौहान, राधे राठिया, बसंत यादव, लीला राठिया, राजा वैष्णव, टंकेशवर राठौर, जैकी चौहान, चंद्रिका चौहान, साजेश मनघोघर, खेम साहू, बालक पटैल, नवीन गुप्ता, भोजराम बंजारा, लव डनसेना, लक्ष्मी कंवर, लाला यादव, बंटू डनसेना, राजा मोहंती, सत्तार खान, रामकुमार, धनाराम डनसेना, अनिल चौहान, श्रीमती अम्बिका चौहान, श्रीमती पुष्पा डनसेना, भवानी डनसेना, झाडूराम धर्मा, फुलसाय साहू, पालू निषाद, पप्पू डनसेना, राजेन्द्र साहू, कमल यादव, संजय कंवर, टिकेश गबेल, जैकी धर्मा, अमित मनहर, शिवा चौहान, शामिल हुये ।

एसपी ने ली राजपत्रित व थाना/चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक

कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। 3 अप्रेल को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के द्वारा राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना/चौकी प्रभारियो तथा अन्य ईकाई प्रभारियो की बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में ली गई। जिसमें थाना/चौकी में लंबित अपराध / मर्ग / शिकायत / गुमइंसान / लंबित वारंट / 173 (8) जाफौ की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा कर राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निकाल करने, जप्ती माल की निकाल हर संभव प्रयास कर करने, जप्ती माल एवं थाना के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने, लंबित मर्ग की जांच शीघ्र पुर्ण कर राजपत्रित अधिकारी के माध्यम से एसडीएम को प्रतिवेदन प्रेषित करने, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने, लंबित समंस, लंबित वारंट, स्थायी वारंट की तामिली किये जाने एवं माईनर एक्ट के तहत बाउंड ओव्हर, 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ., अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा एवं असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, गुंडा, बदमाशों और माफिया से सख्ती से निपटने और बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने। जमीन संबंधी प्रकरण/शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को वैधानिक कार्यवाही हेतु पत्राचार कर निराकरण करने व थाना/चौकी में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने उचित दिशा निर्देश दिये।

समस्त थाना चौकी प्रभारियो को वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का अवलोकन करने एवं मोबाईल एवं आनलाईन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने एवं साईबर क्राईम, चिटफण्ड कंपनियों द्वारा आम जनता ठगी का शिकार न हों, इसके लिए हर स्तर के अधिकारी को पूरी सतर्कता बरतने, बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए थाना प्रभारियों और आरक्षकों को संवेदनशील बनाने एवं वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड - 19 के संक्रमण के प्रसार के रोकथाम हेतु रक्षात्मक उपायो को अपनाने एवं उसका पालन कराये जाने हेतु परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए शासन, प्रशासन के निर्देशों का कडाई से पालन व सहयोग करने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को पंट्रोलिंग टीम के माध्यम से आमजन को समझाइश देने निर्देश दिये। उक्त मीटिंग में अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा तथा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

चोरी गए पाइप, एल्युमिनियम तार व कनेक्टर के साथ 3 पकड़ाए

बेमेतरा। दिनांक 31.03.2021 को प्रार्थी डां. दीपक मिरे नोडल अधिकारी कोविड अस्पताल बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 31.03.2021 को जिला अस्पताल बेमेतरा के कोविड अस्पताल में लगें आक्सीजन प्लांट का तांबे का आक्सीजन पाईप, एल्युमिनियम तार व कनेक्टर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पूर्व में भी आक्सीजन पाईप लाईन की चोरी हुई थी आक्सीजन पाईप लाईन चोरी होने से मरीजों के जान को खतरा उत्पन्न हो सकता है तथा डियुटी रत अधिकारी/कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड सकता है। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध क्र. 221/2021 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफ को आरोपी की पता तलाश कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। विवेचना आरोपी पता तलाश के दौरान दिनांक 03.04.2021 को संदेह के अधार पर संदेही मऊ मरकाम (देवार), करन ऊर्फशेखर गौरिया व 2 विधि के साथ संघर्षरत बालक को उक्त चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना को घटित करना स्वीकार किये।

किसी को पकड़वाया कान तो किसी का कटा चालान, कोरोना काल है सख्ती तो जरूरी है, तभी सुरक्षित है

बोड़ला। नगर में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच संक्रमण को लेकर लापरवाह लोगों को चेतावनी देते हुए तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व, पुलिस व नगर पंचायत की टीम एक बार फिर सड़क पर सख्ती के साथ गश्त करती नजर आई ।साप्ताहिक बाजार के दिन प्रशासनिक अमले ने नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्र व दुकानों में पैदल भ्रमण कर आम नागरिकों सहित दुकानदारों को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए अनिवार्य रूप से मास्क लगाने की समझाइश दी गई ।तहसीलदार शशि नर्मदा व सतीष कृशान बताया कि नगर एवं विकास खंड में बढ़ती कोरोना के मामले भयावह हैं । ऐसी विकट परिस्थितियों में प्रशासन द्वारा बराबर मास्क लगाने की समझाइश दी जा रही है वहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सैनिटाइजर का अनिवार्य उपयोग करने व कोरोना गाइडलाइन के तहत फिजिकल डिस्टेंस मेंटेन करने को भी निर्देशित किया गया है ।लगातार सड़क पर खड़े होकर लोगों को कोरोना की गाइड लाइन के पालन के लिए बताया जा रहा है ।राजस्व व नगर पंचायत की टीम द्वारा पैदल चल रहे लोगों को भी मास्क लगाने की समझाइश देते हुए बिना मास्क के गाड़ी चला रहे लोगों व दुकानदारों का भी चालान भी काटा जा रहा है लेकिन काफी समझाइश के बाद भी लोगो मे जागरूकता का अभाव है खराब हालात के बाद भी कोरोना गाइडलाइन के पालन हेतु लोग गंभीर नजर नही आ रहे हैं,नगर पंचायत की टीम व तहसीलदार शशि नर्मदा एवं सतीष कृष्णा द्वारा लगातार लोगों को समझाइश दिया जा रहा है उनके द्वारा सड़क पर खड़े होकर मास्क की अनिवार्यता को लेकर लोगों को चालान काटकर समझाने का प्रयास किया जा रहा है उसके बाद भी लोगों द्वारा कोरोना के दिशा निर्देश की अवहेलना की जा रही है। दिशा निर्देश के पालन नहीं किए जाने पर उनके द्वारा सजा देकर कार्यवाही किया जा रहा है।

उठक बैठक लगवाई

नगर में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर बेपरवाह लोगों को समझाने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है ।बिना मास्क के चलने पर मोटरसाइकिल सवारों को , चार पहिया वाहनों में भी नगर पंचायत एवं राजस्व की टीम के द्वारा ?500 का चालान काटा जा रहा है। आज साप्ताहिक बाजार के दिन तहसील प्रशासन ने कोरोना गाइडलाइन के पालन में सख्ती बरतते हुए बिना मास्क के चल रहे मोटरसाइकिल सवार साइकिल सवार एवं पैदल लोगों के साथ दुकानदारों का भी चालान काटने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सजा के तौर पर सार्वजनिक स्थान पर उठक बैठक भी लगवाया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

तर्रेम मुठभेड़ : दो गांवों को खाली...

मांद से होकर गुजरती है। नक्सली इस सड़क निर्माण का का विरोध कर रहे हैं। नक्सली इससे भी बौखला उठे हैं क्योंकि तर्रेम इलाके में विकास कार्यों के साथ ही फोर्स की मूवमेंट बढ़ गई है। यह इलाका नक्सलियों की प्लाटून क्रमांक 1 के कमांडर हिड़मा के प्रभाव वाला इलाका माना जाता है। हिड़मा बस्तर में में कई नक्सली वारदतों का मास्टर माइंड रहा है।

कोरोना से निपटने जनांदोलन ...

जायेगा जिसमें मास्क पहनने, व्यक्तिगत साफसफाई और स्वच्छता पर जोर दिया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि संक्रमित लोगों के लिए अस्पतालों में पर्याप्त बिस्तरों, जांच सुविधा और उपचार की सुविधा सुनिश्चित की जानी चाहिए। कोरोना के कारण मौत के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा ढांचे को मजबूत बनाने, ऑक्सीजन की आपूर्ति और वेंटीलेटरों की उपलब्धता पर भी जोर दिया। उन्होंने सबसे अधिक प्रभावित महाराष्ट्र, पंजाब और छत्तीसगढ में विशेषज्ञों की केन्द्रीय टीम भेजने का निर्देश दिया। इस मौके पर एक प्रजेन्टेशन में बताया गया कि दस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में हालत ज्यादा खराब है और कुल मामलों का 91 प्रतिशत इन्हीं में बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, केन्द्रीय गृह सचिव, टीकाकरण पर गठित अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष, स्वास्थ्य सचिव और अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कोरोना से बचा सकता है ...

गांधी कृषि विश्वविद्यालय के शोध से तैयार की गई धान की अलग-अलग वैरायटी को देश के कई रिसर्च संस्थानों ने सराहा है।

पेट्रोल-डीजल के दामों...

इसके अलावा, एलपीजी सिलेंडर के दाम भी दस रुपये गुरुवार को घटाए गए, जिसके बाद ग्राहकों को थोड़ी राहत जरूर मिली। राजनीतिक रूप से संवेदनशील ईंधन की कीमतें आने वाले दिनों में और गिरेंगी। यह जानकारी इस मामले से वाकिफ एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया था। हमारे सहयोगी अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी एक रिपोर्ट में आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती होने की जानकारी दी थी।

इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दामों में आई कमी

अधिकारी ने यह भी बताया था कि डीजल की कीमतों में कटौती पेट्रोल की तुलना में कम होने की उम्मीद है। देश के सबसे बड़े फ्यूल रिफाइनर और रिटेलर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) के अनुसार, कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की वजह से यूरोप ओर एशिया में मार्च के दूसरे पखवाड़े में कच्चे तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई है। पेट्रोलियम सेकरेट्री तरुण कपूर ने बताया था कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि इंटरनेशनल कीमत स्थित रहेगी, जिससे हम सीधा फायदा ग्राहकों तक पहुंचा सकेंगे। वहीं, एक सरकारी रिफायनरी में काम करने वाले अधिकारी ने बताया कि पब्लिक सेक्टर की तेल कंपनियों से पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखने के लिए भी कहा जाएगा, क्योंकि उन्होंने सालभर में ठीक-ठाक प्रॉफिट कमाया है।

******

नक्सली अपनी आखिरी ...

लड़ाई में नक्सलियों का काफी नुकसान हुआ है। हमें जानकारी मिली है कि नक्सली 4 ट्रेक्टर में भरकर घटना स्थल से मृत एवं घायल नक्सलियों को ले गए। उन्होंने कहा कि 4 घंटे तक चली इस लड़ाई के दौरान सुरक्षा बलों के हौसले बुलंद थे और उन्होंने नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्र में अंदर घुसकर बहादुरी से लड़ाई लड़ी।

लगातार सिमट रहा नक्सलियों का प्रभाव

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का प्रभाव लगातार सिमट रहा है और उनका असर अब केवल एक बहुत सीमित क्षेत्र में रह गया है। इससे बौखलाकर वो अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए इस तरह की घटनाएं कर रहे हैं। हम उनके प्रभाव क्षेत्र में लगातार पुलिस कैम्प स्थापित कर रहे हैं और आगे भी यह कार्य जारी रखेंगे।

जिले में अब तक लगभग एक लाख लोगों को लगी कोविड वैक्सीन

कोरबा। कोरबा जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं उसे फैलने से रोकने के लिए 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों का टीकाकारण पूरे उत्साह से जारी है। जिले में अभी तक 45 वर्ष से अधिक के 99 हजार 395 लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज दी जा चुकी है। पहली डोज लेने वाले लोगों में से लगभग 12 हजार लोगों ने टीके की दूसरी खुराक भी लगवा ली है। इन लोगों में स्वास्थ्य कर्मी, फ्रंटलाइन वर्कर, सीनियर सिटीजन सभी शामिल हैं। टीकाकरण के विशेष अभियान के दूसरे दिन कल जिले में 17 हजार 286 लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106205012021010**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी आकाश सिंह पिता भूपत कुमार सिंह पता- म.नं. 8/डी, स्ट्रीट नं. 01सेक्टर-8, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 761/57 (0.0119) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5124902022021035**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी अंजनी कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री हरीशचंद श्रीवास्तव पता- 5/802 विरामखंड 5, मर्दन एकेडमी स्कूल के पास गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 181/9 (0.0186) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106225022021027**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी विकास खुल्लर पिता राजीव खुल्लर पता-म.नं. 15/3 मैत्री नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 1218/1 (0.0169) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106225022021031**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी विकास खुल्लर पिता राजीव खुल्लर पता-म.नं. 15/3 मैत्री नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 1218/1 (0.0167) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी 5106217022021044
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी पता-78/ए/9 मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 215/1(0.0139) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5100217022021041**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी पता-78/ए/9 मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 215/1(0.0139) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106228122020030**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी पता-78/ए/9 मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 215/1(0.0051) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106411012021019**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी पता-78/ए/9 मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 215/1(0.0113) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106204022021035**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी पता-78/ए/9 मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 215/1(0.0139) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी-राजस्व
संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. - 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **सीजी 5106411012021021**
ईश्तहार
तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी मनीष कोठारी पिता भीखमचंद कोठारी पता-78/ए/9 मोतीलाल नेहरू नगर पश्चिम भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 215/1(0.0053) में नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/04/2021 को सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की अगली सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/3/21 को जारी किया जाता है।
सील **अतिरिक्त तहसीलदार तहसील-दुर्ग**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

सवालों के बीच खत्म हुई वैक्सीन, जांच केन्द्रों में सुविधा का अभाव

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में करोना संक्रमितों की संख्या लगाता बढ़ते जा रही है। कोरोना से बचाव के लिए लोग टीकाकरण के लिए वैक्सीन सेंटर पहुंच रहे है। वैक्सीन खत्म हो जाने से लोगों को वापस लौटना पड रहा है। दूसरी ओर कोविड से बचाव के लिए लगाये जा रहे टीके को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। जिला चिकित्सालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दोनो डोज लगने के पर्याप्त समय बाद भी पुनः करोना से संक्रमित हो रहे हैं।

कोविड-19 कोरोना वायरस से बचाव के लिए अलग-अलग कंपनियों के द्वारा बनाई गई वैक्सीन जिसे सरकार के द्वारा खरीदीकर आम जनता को कम कीमत और कुछ लोगों को मुफ्त में मुहैया कराया जा रहा है उसके परिणाम पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल जिले में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के द्वारा वैक्सीन के दोनों डोज ले लेने के बाद भी उसकी कोरोना एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट दोबारा पॉजीटिव आई है जिससे समूचे विकासखंड के साथ ही जिले में हड़कंप मचा हुआ है। जिले भर में आला अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार कोरोना टीका लगाये जाने के लिए सतत प्रयास किये जा रहे है। 45 वर्ष से उपर के लगभग 26 हजार लोगो को टीका लगाया जा चुका है। पूर्व में दूसरा टीका लगाने के लिए 28 दिन का समय दिया गया था जिसे बढ़ाकर 42 दिन कर दिया गया है। जिससे कई लोगो का दूसरा टीका भी नही लग पाया है। वही करोना वारियर्स के रूप में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को करोना का टीका दोनो डोज लग जाने के पर्याप्त समय बाद भी कोरोना से संक्रमित हो रहे है। करोना वारियर्स को लगाये जाने वाले टीके का उद्देश्य यह था कि इन्हे फिर से करोना का संक्रमण न हो। किन्तु दुर्भाग्यजनक बात यह है कि जिला चिकित्सालय के तीन डाक्टरों सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के कई कर्मचारियों कोरोना संक्रमित पाये गये है। वैक्सीन लेने के बाद कोरोना संक्रमित हुए हैं कई मामले जिले में ऐसे पहले भी आ चुके हैं जिससे वैक्सीन की गुणवत्ता और परिणाम सवालों के घेरे में है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि वैक्सीन लगा लेने वालों को अगर संक्रमण होता है तो उन्हें अधिक खतरा नहीं होगा उनकी बचने की उम्मीद पूरी रहेगी। शरीर संतुलित रहेगा और वायरस से लड़ने के लिए खुद को तैयार कर लेगा। वैक्सीन के बाद दिखे लक्षण जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल सहित जिला मुख्य चिकित्सा कार्यालय के डां सहित कर्मचारियो मे कोरोना के लक्षण पाए जाने पर अपनी कोविड जांच कराई थी, जिसके बाद उनकी एंटीजन रिपोर्ट पॉजीटिव आई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सकंमित कर्मचारी को प्राथमिक उपचार देने के बाद होम क्वारन्टाइन कर दिए जाने की खबर है।

वैक्सीन पर उठ रहे सवाल

कोविड -19 की महामारी से बचने के लिए सभी को वैक्सीन का इंतजार था। सभी का मानना है कि बीमारी को फैलने से रोकने के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है। देखा जा रहा है कि वैक्सीन लगने के बाद भी लोगों को कोरोना हो रहा है और उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आ रही है। जिस वजह से लोगों की चिंता अब दोगुनी हो गई है। बढ़ते मामलों को देखते हुए लोग अब असमंजस में हैं, कि वैक्सीन लगवाएं या नहीं। लापरवाही चरम पर लोगों में कोरोना का डर पहले से बहुत कम हो गया है। लोग पूरी तरह से बचाव के उपायों का पालन नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति तब है जब सरकार बार-बार लोगों को मास्क पहनने, हाथों को साफ करने और सामाजिक दूरी बनाए रखने की सलाह दे रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बताए गए सेफ्टी प्रोटोकॉल की अनदेखी करने से मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। नियमो की जानकारी न होने व उचित सलाह नही मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड रहा है वही दूसरी ओर वैक्सीन लगवाने के दौरान डॉक्टर बार-बार लोगों को वैक्सीन के नियम बता रहे हैं। डॉक्टर की टीम द्वारा टीकाकरण के पहले और बाद में किए जाने वाले उपाय भी समझाए जा रहे हैं, लेकिन लोग इनकी बात न मानते हुए अपनी मनमर्जी कर रहे हैं, जिसका खामियाजा उन्हें कोविड शॉट लेने के बाद भुगतना पड़ रहा है।

खत्म हुई वैक्सीन

प्रशासन एवं स्वास्थ्य अमला एवं जनप्रतिनिधि कोरोना के बढते संक्रमण को देखते हुए अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहे है। वही दूसरी ओर जिले मे वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति नही होने के कारण टीकाकरण का कार्य बंद रहा। शासन द्वारा रविवार को भी टीकाकरण करने का आदेश दिया गया था। सुबह 9 बजे से ही लोग टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केन्द्र पहुंच गये थे किन्तु अधिकांश टीकाकरण केन्द्रों में ताले लटके रहे। जिससे लोग आक्रोशित होते रहे और भटकते रहे।

जांच केन्द्रों में नही है सुविधा

करोना को लेकर जिला प्रशासन जहां पूरी सक्रियता दिखा रही है। वही दूसरी ओर करोना के जांच के लिए बनाए गये सेंटरों में पर्याप्त सुविधा नही होने के कारण धूप में जांच कराने वाले नागरिक परेशान हो रहे है। जांच एवं टीकाकरण के लिए पर्याप्त मात्रा में बजट होने के बाद भी कोरोना जांच कराने के लिए शेड एवं अन्य व्यवस्थाएं नही होने के कारण लोग परेशान हो रहे है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महादेव तेदवे ने बताया कि करोना का ट्रेन्ड बदल जाने से इस तरह की परेशानी आ रही है। स्वास्थ्य कर्मचारियो के पॉजीटिव होने की खबर मिली है लेकिन इससे डरने या घबराने की जरूरत नही है। टीकाकरण के बाद संक्रमण हो भी जाए, तो डरने की जरूरत नहीं है। बल्कि टीकाकरण के बाद यह संक्रमण अधिक प्रभावी नहीं होगा। टीकाकरण दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए ट्रांसमिशन की संभावनाओं को भी कम करता है।

न्यूज गैलरी

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुराना एवं बुरड़ ने लगवाया कोरोना टीका का दूसरा डोज

दंतेवाड़ा-गीदम। पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी विमल सुराना एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक बुरड़ दोनो अपनी धर्मसाहिका साथ नजदीकी टीकाकरण केंद्र गीदम पहुँच कोरोना का दूसरा डोज लगवाया। विमल सुराना ने टीका लगवाने के बाद कहा कि 45 वर्ष से ऊपर की आयु वाले नागरिकों से अपील करता हूँ कि कोरोना वेक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है नजदीकी टीकाकरण केंद्र पहुँच कर कोरोना का टीका अवश्य लगाएं एवं सभी को इसके लिए प्रेरित भी करे।

पंचायत लेवल में भी वैक्सिन लगने शुरु हो गए हैं जिसके लिए प्रशासन ने हर पंचायत में गाड़ी की व्यवस्था भी ग्रामीणों को नजदीकी टीकाकरण केंद्र तक लाने के लिए की है निवेदन है हर एक व्यक्ति खुद से घर से निकल कर पहुँचे। सरकार कोरोना से लड़ने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही जल्द से जल्द हम सभी इस महामारी से निजात पायेंगे। कोरोना महामारी वापस से तेजी से बढ़ रही है सभी नागरिकों से निवेदन है कि मास्क जरुर लगाए व सामाजिक दूरी का सरकार के आदेश का पालन करे एवं दूसरो को भी प्रेरित करे।

कोविड टीकाकरण में बड़ी संख्या में लोग ले रहे हिस्सा

बचेली। कोविड टिकाकरण अभियान में नगरवासी बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर कोरोना से लड़ाई में जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे है आपको बता दे कि जिला कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा 44 वर्ष के ऊपर के लोगो को कोविड टिकाकरण करने जिलेवासियों से अपील की गई थी। जिसके बाद जागरूक होकर नगर एवं उसके आस पास के क्षेत्रो से बड़ी संख्या में लोग एनएमडीसी अपोलो कोविड वैक्सीन सेंटर पहुंचकर टिकाकरण करवा रहे है। इस मुहिम में स्वास्थ्य विभाग से शकुन शेंडे,राजेश्वरी,भुवन ठाकुर,डॉ जनार्दन राव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व महिला बाल विकास टी निर्मला,स्वरूपा नाग,सुनीता नाग,रीता कुंजाम शिक्षा विभाग से पवन,बारसा जी सहित अपोलो अस्पताल की टीम का सराहनीय योगदान है। अपोलो अस्पताल के सीएमए डॉ हक के मुताबिक 45 वर्ष व उसके ऊपर के लोगो को टिकाकरण अवश्य लगाना चाहिए टीका लगवाना बिल्कुल सुरक्षित है सभी नागरिकों से अनुरोध है कि कोविड टीकाकरण करवाकर कोरोना महामारी से लड़ने में प्रशासन का सहयोग करे। वहीं टीका लगवा चुके एनएमडीसी राजेश मंडल के मुताबिक उन्होंने भी टीका लगवाया है मेड इन इंडिया कोवेक्सिन भारत मे बनाया गया है साथ ही विदेशों में भी भेजा जा रहा है। टीका लगवाने के बाद उन्हें लगभग आधा घण्टा निगरानी में रखा गया था कोई लक्षण नही आये है उनके मुताबिक वैक्सीन सुरक्षित है सभी को वैक्सीन लगवानी चाहिए।

30 स्ट्रिप नशीली दवाई जब्त आरोपी की गिरफ्तारी

पखांजुर (नव प्रदेश)। पुलिस अधीक्षक कांकेर श्री एम आर आहिरे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर श्री गोरखनाथ बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पखांजूर श्री मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में नशीली दवाई बिक्री करने वाले के विरुद्ध थाना पखांजूर पुलिस द्वारा कार्यवाही किया गया है आरोपी पार्थो चक्रवर्ती पिता प्रभात चक्रवर्ती उम्र 26 वर्ष निवासी कापसी के कब्जे से 30 स्ट्रिप में 12000 एमजी प्रतिबन्धित कैप्सूल ट्रामाडोल बरामद होने पर थाना पखांजूर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आरोपी के विरुद्ध धारा 22 स्वापक ओषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है। दिनांक 02/04/21 को पखांजूर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि पखांजूर में एक व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाई रखकर बिक्री करने ग्राहकों की तलाश कर रहा है, पुलिस द्वारा सूचना की तस्दीक के दौरान पुराना बाजार पखांजूर में तलाशी लिया गया आरोपी पार्थो चक्रवर्ती पिता प्रभात चक्रवर्ती उम्र 26 वर्ष निवासी कापसी के कब्जे से 30 स्ट्रिप में 12000 एमजी प्रतिबन्धित कैप्सूल ट्रामाडोल अपने आधिपत्य में रखना पाये जाने पर आरोपी पार्थो चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर दिनांक 03/04/21 को जेल दाखिल किया गया।

45 वर्ष आयु से अधिक के लोगों में कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण के प्रति भारी उत्साह

जिले के 113 टीकाकरण केंद्रो में 1 और 2 अप्रैल को ही 26 हजार तीन सौ लोगों ने लगवाया टीका, जिले में अब तक 60 हजार 859 व्यक्तियों ने लगवाया कोविड-19 का टीका

मुंगेली। जिले में कोविड-19 का टीकाकरण हेतु 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इन लोगों द्वारा सोशल डिस्टेसिंग का पालन और मास्क का उपयोग कर कतारबद्ध होकर जिले के 113 टीकाकरण केंद्र में पहुँचकर टीका लगवा रहे है। कलेक्टर श्री पी.एस एल्मा के द्वारा कोविड-19 टीकाकरण हेतु जनप्रतिनिधियों से की गई अपील के फ्लस्वरूप जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयं टीका लगवा कर अन्य नागरिकों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप 01 और 02 अप्रैल को ही 45 वर्ष से अधिक के 26 हजार तीन सौ लोगों ने टीकाकरण केंद्र पहुँचकर कोविड-19 का टीका लगवाएं। इसके पूर्व 16 जनवरी से 31 मार्च तक वरिष्ठ नागरिको (60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों) और 45 से 59 वर्ष के विभिन्न बीमारियों से ग्रसित को-मार्विड 34 हजार 559 व्यक्तियों को टीकाकरण किया गया है। इस प्रकार जिले में अब तक 60 हजार 859 व्यक्तियों को टीकाकरण किया जा चुका है।

कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा है कि विभिन्न जिलों में बड़ी तेजी के साथ कोरोना वायरस के संक्रमण बढ़ रहा है। इसे देखते हुए उनके द्वारा कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है। उन्होने 45 वर्ष या इससे अधिक उम्र के नागरिकों को उनके नजदीक के कोविड टीकाकरण केंद्र में पहुँचकर अपना आधार कार्ड या अन्य मान्य दस्तावेज दिखाकर कोविड-19 का टीका लगवाने के लिए कहा जा रहा है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगेली में कोविड-19 का टीका लगवाने के बाद ग्राम बाकी के 50 वर्षीय श्री मंडली राम निर्मलकर, ग्राम मोहतरा के 65 वर्षीय श्रीमति दुलवरीन, ग्राम मोहतरा के ही 48 वर्षीय श्रीमति सुरूज बाई ने बताया कि टीकाकरण से डरने की कतई आवश्यकता नहीं है, टीका पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होने कहा कि उन्हे स्वयं टीका लगवाया है। निर्धारित समय में उनके द्वारा दूसरा टीका भी लगवाया जाएगा। उन्होने बताया कि टीका लगने के बाद प्रति रोधात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होने ने भी सभी पात्र लोगों को टीका लगवाने की अपील की। उन्होने टीकाकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की भी प्रशंसा की।

बिना भय के 45 वर्ष अधिक उम्र के रामदयाल महाजन और पदमिनी ने लगवाया टीका

मुंगेली। जिले में कोरोना वैक्सिनेशन कोविड-19 टीकाकरण अभियान में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। 45 वर्ष से अधिक उर्म्र के लोगों द्वारा कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए कतारबद्ध होकर टीकाकरण हेतु अपने बारी का इंतजार कर रहे है। बारी आने के बाद टीकाकरण हेतु सभी प्रकार की औपचारिकताएं पूरी कर बिना डर और भय के उत्साह के साथ टीका लगवाये जा रहे है। इसी क्रम में विकास खण्ड लोरमी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरवार खुर्द में 65 वर्षीय श्री राम दयाल खाण्डे, 63 वर्षीय श्री महाजन डिडौरे और शहरी स्वास्थ्य केंद्र मुंगेली में एंड्रूज वार्ड दाउपारा के 55 वर्षीय श्रीमति पदमिनी जौहरी ने संबंधित टीकाकरण केंद्र पहुँचकर बिना डर और भय के कोविड-19 का टीका लगवाएं। उनके द्वारा बताया गया कि कोरोना वायरस से बचने के लिए वैक्सीन लगवाने आएं है, हमे किसी तरह का कोई डर और भय नहीं है। हम वैक्सीन लगवा कर सुरक्षित महसूस कर रहे है। इसी तरह जिले के सभी केंद्रो में लोग उत्साह से टीका लगवा रहे है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पी.एस एल्मा द्वारा सभी टीकाकरण केंद्रो में प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। टीकाकरण के लिए पात्र लोगों को प्रेरित करने हेतु विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की सेवा ली जा रही है। जिसका सकरात्मक परिणाम समाने आ रहा है।

कोविड 19 की रोकथाम के लिए अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

धमतरी। वैश्विक महामारी कोविड 19 के शहरी क्षेत्र में प्रसार की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए आयुक्त नगर पालिक निगम मनीष मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम धमतरी के राजस्व अधिकारी निखिल चंद्राकर एवं मिशन प्रबंधक शशांक मिश्रा की ड्यूटी शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद कराने (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) हेतु लगाई गई है। उन्हें शाम छह बजे से रात्रि 10 बजे तक ढाबों के खुलने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, मास्क आदि की जांच करने, बाजारों में आवश्यक दूरी बनाकर बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

बढ़ते कोविड मामले, सरकार की लापरवाही का नतीजा : उसेंडी

कोण्डागाँव। प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर में रोजाना मामले बढ़ते जा रहे हैं । आखिर ऐसा क्या हुआ है कि काबू में आ चुकी महामारी एक बार फिर बेकाबू हो गई है । पहला अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए दी गई ढील और वायरस को लेकर लोगों द्वारा बरती गई लापरवाही के साथ ही प्रदेश सरकार भी इसके लिए जिम्मेदार है उक्त बाते प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते कही उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कोविड टीकाकरण अभियान देशभर में व्यापक रूप से चल रहा है । यह अधिक से अधिक लोगों की सेवा करने का अवसर है, सभी जन प्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेवा ही संगठन' के संकल्प को चरितार्थ करें । जिला भाजपा कार्यालय अटल सदन मे प्रदेश भाजपा नेतृत्व से मिले अहम दिशा निर्देशों को साझा करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व टीकाकरण प्रभारी सुश्री लता उसेंडी ने कही । उन्होंने बताया की हमें लोगो को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के साथ ही जनमानस के मन मे वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर कर हेल्पडेस्क के माध्यम से प्रशासन व लोगों का सहयोग करना है ।

इस दौरान जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने जानकारी देते बताया कि पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को है । इस अवसर पर सभी बूथों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाना है । इन कार्यक्रमों मे मुख्य रूप से पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी बूथ अध्यक्षों के निवास पर पार्टी का झंडा लगाने और नाम की तख्तियां लगाने के साथ ही पार्टी के गौरवशाली इतिहास एवं विकास की चर्चा कर केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रसार किया जाना है ।

इसके अलावा 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराम अम्बेडकर की जयंती है । देश भर के कार्यकर्ता संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं । सभी मंडलों मे बाबा साहब की जयंती को समरसता दिवस के रूप मे मनाते हुए भारत रत्न बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर सभी बूथों पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि और प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही बस्तियों में जाकर सेवा के कार्य तथा मेधावी छात्रों का सम्मान किया जावेगा ।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुवर पटेल, मनोज जैन ,जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, कृष्णा पोयाम, रामेश्वर उसेंडी, विश्वनाथ सिकदार,दीपेंद्र नाग, मंतु नेताम, संजू ग्वाल, तरुण साना, आकाश मेहता, कुलवंत चहल, सुभाष पाठक, नवल मरकाम, दयाशंकर दिवान, प्रवीण जैन, वर्षा यादव, जसकेतु उसेंडी, बबिता मरकाम, लक्ष्मि ध्रुव, बंटी नाग, जितेंद्र सुराना, संतोष मरकाम व अन्य मौजूद रहे ।

मरीजों की पहचान एवं टीकाकरण के लिए नोडल अधिकारी व वार्ड प्रभारी दल नियुक्त

धमतरी। नगर निगम धमतरी के आयुक्त मनीष मिश्रा ने कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य के निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण एवं प्रसार को रोकने के लिए समुदाय में लक्षणात्मक मरीजों की पहचान करने डोर टू डोर सर्वे करने तथा 45 साल से ऊपर आयु वाले नागरिकों को चिन्हांकित कर नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में भेजने के लिए वार्डवार नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी दल का गठन किया है।

जारी आदेश के अनुसार वार्ड क्रमांक एक से 20 के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता राजेश पदमवार होंगे, जबकि वार्ड क्रमांक 21 से 40 के नोडल अधिकारी विजय खलखो कार्यपालन अभियंता की नियुक्ति की गई है।

बड़ी संख्या में ग्रामीण जागरूक होकर टीकाकरण में ले रहे हिस्सा

कुआकोंडा ब्लॉक के अंदरूनी इलाकों में कोविड टीकाकरण को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल

बचेली। जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन पर एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज की देख रेख में कुआकोंडा ब्लॉक क्षेत्र में टिकाकरण अभियान जबरदस्त तरीके से संचालित हो रहा है इन इलाकों के प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्यकर्मी लगातार कड़ी मेहनत कर इस अभियान को सफल बनाने में लगे हुए है। आपको बता दे कि जानकारी के मुताबिक दिनांक 2 अप्रैल शाम 5 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक कुल 1108 लोगो का टिकाकरण किया गया जिसमें एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली में 217 किरंदुल कोविड केयर सेंटर में 205 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुआकोंडा में 280 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पालनार में 206 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोटाली में 74 उप स्वास्थ्य केंद्र कलेपाल में 37 उप स्वास्थ्य केंद्र अरनपुर में 70 उपस्वास्थ्य केंद्र हिरोली में 19 लोगो का टिकाकरण किया गया। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन द्वारा टिकाकरण को लेकर जागरूकता अभियान किस कदर सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है ये आंकड़ो से स्पष्ट हो जाता है। एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज के मुताबिक ग्रामीण इलाकों के लोगो में टिकाकरण को लेकर काफी जागरूकता देखने को मिल रही है। वहीं लोगो से अपील है की ज्यादा से ज्यादा लोग टिकाकरण करवाकर कोविड से लड़ाई में भागीदार बने वहीं जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश का पूर्ण रूप से पालन करे व सार्वजनिक जगहों में मास्क का उपयोग करे हाँथ समय समय पर धोते रहे।

पीसीसी चीफ सह विधायक कोण्डागाँव मरकाम ने लगवाया कोरोना के टीके का पहला डोज

लोगों से की अपील- डरें नहीं टीका लगवाएं, अवश्य करें मास्क का प्रयोग

कोण्डागांव। विधायक कोण्डागांव व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय पहुंच कर कोरोना से बचाव हेतु टीके की प्रथम डोज़ लगवाई। जहां पर टीका लगने के बाद उन्हें तीस मिनट के निरीक्षण समय में रखा गया था। ज्ञात हो कि उन्होंने 01 अप्रैल से शासन के निर्देशन पर 45 वर्ष से अधिक वाले लोगो के टीकाकरण प्रारम्भ होने के बाद सामान्य लोगो के साथ टीकाकरण कराने का निर्णय लिया था। इस दौरान विधायक मरकाम ने लोगों से अपील की है कि सभी 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति स्वयं टीकाकरण केंद्र में पहुंचें एवं इसके लिए कोण्डागांव में नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार एवं ग्रामों में अलग-अलग शिविर लगा कर टीकाकरण किया जा रहा है। टीके से डरें नहीं टीके पूर्णतः सुरक्षित हैं। आप सभी स्वयं टीका लगायें एवं अपने आस-पास के सभी 45 वर्ष के ऊपर के लोगों को भी प्रेरित करें। परन्तु टीके के साथ-साथ कोरोना सावधानियों को नही त्यागें। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अवश्य प्रयोग करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें एवं जब जरूरी हो तभी घरों से निकलें। हमारे राज्य में अचानक कोरोना के मामलों को बढ़ने से सभी को सजग होने की आवश्यकता है। सतर्क रहें सुरक्षित रहें एवं अपने और अपने परिवार की कोरोना से सुरक्षा करें।

जंगल में लगी आग से राष्ट्रीय उद्यान के जीव जंतुओं व पेड़ों को नुकसान की आशंका

प्रभारी अधिकारी के मुख्यालय में नही रहने का जिला पंचायत सदस्य ने लगाया आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले के राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों आग लगने से राष्ट्रीय उद्यान के जीव जंतुओं पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही क्यो की कोरिया जिले के एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान में विभिन प्रकार के जीव जंतु पाये जाते हैं वही जिस छेत्र में आगजनी से नुकसान होने की बात कही जा रही वहां पर कई बार पूर्व में बाघ भी देखा गया हैं फिर भी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारी आगजनी की घटना को रोकने में सफल नही हो पा रहे वही अब छेत्र की जिला पंचायत सदस्य ज्योत्स्ना पुष्पेंद्र राजवाड़े ने भी सोनहत व रामगढ दोनों परिछेत्र के प्रभारी अधिकारी के मुख्यालय में नही रहने के कारण इस तरह आगजनी की घटना में वृद्धि होने का आरोप लगाया हैं जब कि ग्रामीणों ने भी प्रभारी अधिकारी का मोबाइल नम्बर हमेशा बंद होने का आरोप लगा चुके हैं ऐसे में छेत्र में आगजनी की सूचना देने व उसे रोकने के उपाय को लेकर छेत्र में पदस्थ जिम्मेदारों के कार्य को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं ! वही छेत्र के आमापानी नामक स्थान पर आग से जंगल के भीतर लगे सैकड़ों पेड़ और पौधे जलकर नष्ट होने की आशंका हैं . इसके अलावा जीव-जंतुओं के दम घुटने की आशंका भी जताई जा रही है.वही राष्ट्रीय उद्यान के स्थानीय अधिकारियों ने आग लगने की बात को स्वीकार किया है. अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग आग बुझाने की कोशिश कर रहा है.वही अब छेत्र में आग पर काबू पा लिया गया है अब कहि भी आग नही लगा है किंतु सवाल यह उठता हैं कि जब पार्क छेत्र में आमजनों के आने जाने को लेकर सख्त नियम हैं तो आग लगने की जानकारी छेत्र के अधिकारियों को समय पर क्यो नही मिल पा रहा कहि न कही मैदानी अमलो के मॉनिटरिंग की भी कमी हैं यह कहना भी गलत नही होगा !

बचाव के लिए विभाग कर रहा प्रयास

जंगलों में आग से बचाव के लिए प्रत्येक बीट में एक फायर वॉचर की नियुक्ति की गई है. बीट काफी लंबा चौड़ा क्षेत्र होने के कारण एक फायर वॉचर की तरफसे जंगल को सुरक्षित रख पाना संभव ही नहीं है. पहले से यह क्षेत्र वन कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है. शासन को यहा पर्याप्त वन विभाग के कर्मचारियों की नियुक्ति के साथ प्रत्येक बीट में आगजनी की घटना को रोकने के लिए कम से कम तीन से चार फायर वॉचर की नियुक्ति करनी चाहिए ।

मिली जानकारी अनुसार राष्ट्रीय उद्यान के सोनहत व रामगढ़ रेंज के बीचों बीच आमापानी नामक स्थान के जंगलों के अंदर आग की लपटें कुछ दिनों पूर्व दिखाई दे रही थी . कई किमी जंगल जलकर नष्ट हो चुका है. पहाड़ों के जंगल में आग लगने से धुआं पूरी तरह छाया रहता था जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जंगल आग में किस तरह से घिरा हुआ था वन क्षेत्रों में जगह-जगह आग लगने से कीमती वनोपज और छोटे-छोटे पौधे जलकर नष्ट हो गए हैं. वन्य प्राणी आग की वजह से इधर-उधर भटकने लगे हैं. जिसके चलते वन्य प्राणी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत नज़दीक गांव के आसपास शाम और सुबह के समय आसानी से दिखाई दे रहे हैं. जंगल में आग लगने की वजह से जान बचाने के लिए जानवर गांव की ओर रुख कर रहे हैं ।

महुआ और तेंदूपत्ता के चलते जंगलों में लगती है आग

ग्रामीणों ने कहा कि जंगल के भीतर आग लगने के पीछे मुख्य कारण महुआ और तेंदूपत्ता है. दरअसल महुआ एकत्र करने के लिए पेड़ के नीचे आग लगाई जाती है. जिसके बाद उस आग को बुझाया नहीं जाता है, जिसका परिणाम लोगों के सामने है. तेंदूपत्ता संग्रहण के पहले भी जंगल क्षेत्र में आग लगने की बात को ग्रामीण इंकार नहीं करते. इधर वन विभाग के अधिकारी का कहना है कि जंगल में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है.वही अब आग पर काबू पा लिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि लगातार सैटेलाइट से भी निगरानी रखी जा रही है ।

मेरे द्वारा छेत्र के दौरे पर ग्रामीणों ने राष्ट्रीय उद्यान सोनहत व रामगढ़ के प्रभारी अधिकारी मुख्यालय में नही रहने व हमेशा मोबाइल बंद रहने की शिकायत की हैं मुझे भी आगजनी की जानकारी ग्रामीणों ने दी जहा छेत्र के प्रभारी अधिकारी से संपर्क का प्रयास भी किया गया किन्तु वे मुख्यालय पर नही मिले व फोन भी बंद मिला जिससे कहि न कही आगजनी की घटना से हुए नुकशान के लिए अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिसकी जानकारी छेत्र के विधायक जी को दी गई है ।

ज्योत्स्ना पुष्पेंद्र राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य सोनहत

लापरवाही : खरोरा नगर में कोरोना गाइडलाइन का खुलकर हो रहा उल्लंघन, प्रशासन की 'चुस्ती' पर सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। जैसे जैसे कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे है वैसे वैसे नियम कड़े होने चाहिए थे परंतु खरोरा में इसके विपरीत प्रसाशनिक अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिससे कोरोना संक्रमण तो बढ़ ही रहा है साथ मे लोगो को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है ।

टीकाकरण केंद्रों में लापरवाही : खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना 100 लोगो को कोविड का टीका लगाया जाता था वही 1 अप्रैल से इसकी संख्या बढ़ा 300 कर दी गई और 300 लोगो को टिका लगाना शुरू किया गया जबकि बीते दिन 3 मार्च को भारी भीड़ में लोग टिका लगवाने खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहाँ सोसियल डिस्टनसिंग का किसी प्रकार पालन नही हुआ । अभी 140 लोगो को वैक्सीन लगी ही थी कि वैक्सीन खत्म हो गई व 1 घंटे के इंतेजार के बाद बंगोली से वैस्किन मंगाई गई व लगाया गया । 1 घण्टे से इंतजार व वैक्सीन फिर से न खत्म हो जाये इसके लिए लोगो के बीच झड़प भी हुई वही सवाल यह उठता है कि सबसे पहले वहाँ सोसिअल डिस्टनसिंग का पालन क्यों नही कराया जा रहा वही जब वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में नही थी तो इतने सारे लोगो को क्यों बुलाया गया ।

कांटेक्ट ट्रेसिंग हुई खत्मः जहाँ फरवरी माह तक कोई भी मरीज कोरोना संक्रमित पाया जाता था तो उसके संपर्क में आये सभी लोगो की कोरोना जांच की जाती थी जबकि अब इसे बंद कर दिया गया जिससे संपर्क में आये व्यक्ति का पता नही लग पा रहा है ।

नगर पंचायत वाले देते थे नि:शुल्क दवाई, जो अब बंद

अगर कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया जाता है तो उसे नगर पंचायत की और से मुफ्त में दवाइयां मिलती है । जबकि परिछेत्र में अब नि:शुल्क दवाइयां उसे ही दी जा रही है जिसे इसकी जानकारी हो अभी खरोरा परिछेत्र में संक्रमित आये व्यक्तियों ने बताया कि नगर पंचायत से दवाइयां नि:शुल्क मिलती है इसकी उन्हें जानकारी ही नही थी वही नगर पंचायत अधिकारियों द्वारा उन्हें दवाई दी भी नही गई । वही एक और संक्रमित आये व्यक्ति ने बताया कि जब उन्होंने मुंख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश यादव को फोन किया तब नगर पंचायत के कर्मचारी दवाइयां देने घर आये वही उनका तर्क था कि मार्च क्लोजिंग चल रहा है व्यस्तता के कारण भूल गए थे । इसके अलावा लोगो को कोरोना काल मे अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है चाहे वो दिन भर सोसियल डिस्टनसिंग का पालन करने के बाद वैक्सीन लगवाते समय उसका उलघन हो या अपनी रिपोर्ट के इंतेजार में टेंशन लेना हो वही बाकी रही कसर इस बिना नियम वाले नाईट कर्फ्यू से है जहाँ लोग राशन लेने जाए तो चालान कट जाएगा और शराब दुकान जाएं तो कोई कार्यवाही नही होगी ।

हा वैक्सिंग कम आ रही है: बीएमओ

वही बी एम ओ आशीष सिन्हा ने कहा कि वैक्सीन अभी पर्याप्त मात्रा में नही आ रहा है , एक दिन के उपयोग के लिए ही आता है वैक्सीन की कमी सभी जगह है। वही उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों की ड्यूटी वैक्सीन लगाने में लगी हुई है परन्तु कांटेक्ट ट्रेसिंग भी जरूरी है , और वह कैसे नही हो रहा है उसकी जांच कर वह जरूर करवाएंगे ।

लोगों को यही जानकरी नहीं की किसीकी रिपोर्ट पॉजिटिव और किसकी निगेटिव

पहले अगर कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया जाता था और होम आइसोलेशन में रहता था तो उसके घर के बाहर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो की जानकारी के लिए कंटेंमेंट जोन घोषित कर पेपर लगाया जाता था परन्तु अब ऐसा नही किया जाता जिससे किसी को यह जानकारी ही नही हो पाती की कौन संक्रमित है और कौन नही । अगर किसी व्यक्ति के पड़ोस में भी कोई संक्रमित पाया जाता है तो उसे पता ही नही चलता जिससे खतरा और बढ़ गया है ।

कोरोना संक्रमण को रोकने जिला प्रशासन ने कमर कसी

- **टीकाकरण जारी, जुर्माना सहित घर-घर समझाईश भी**
- **शुक्रवार को 6 हजार 798 लोगों का टीकाकरण**

गरियाबंद। जिले में कोरोना के संक्रमण को रोकने और उसके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर संभव उपाय करते हुए अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में सभी जिला अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स एवं मैदानी अमला टीकाकरण केन्द्रों में डटे हुए हैं। जिले में टीकाकरण में तेजी लाते हुए सेशन साइट की संख्या को बढ़ाकर 68 कर दी गई है। जहां नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक टीकाकरण कराया जा रहा है। आज जिले में कोविशिल्ड के साथ कोवैक्सीन का भी टीकाकरण प्रारंभ कर दिया गया है।

साथ सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क के घुमने वाले लोगों पर सख्ती भी बरती जा रही है। गरियाबंद तहसीलदार ओपी वर्मा ने बताया कि गरियाबंद में 15 लोगों से 7200 रूपये का जुर्माना लिया गया है। साथ ही घर-घर जाकर पात्र लोगों को समझाइश भी दिया जा रहा है। देवभोग क्षेत्र में तहसीलदार समीर शर्मा स्वयं घर-घर जाकर लोगों को समझाइश दे रहे हैं।

ज्ञात है कि शुक्रवार 02 अप्रैल को 6 हजार 798 लोगो का टीकाकरण किया गया। जिसमें छुरा ब्लॉक अंतर्गत 1735 , देवभोग 423, फिंगेश्वर 1772, गरियाबंद 1708, मैनपुर 1160 लोगों ने टीका लगवाये थे।

दो बाल श्रमिकों का गरियाबंद में पुन: किया गया रेस्क्यू

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रेमशंकर यादव परामर्शदाता चाईल्ड लाईन गरियाबंद से पंकज त्रिपाठी (टीम मेम्बर), बलीराम निषाद (टीम मेम्बर), थाना गरियाबंद से 02 पुलिस आरक्षक की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम व पोस्ट - मालगांव जिला गरियाबंद जगमोहन हॉटल के बगल में निर्माणधीन भवन में नाबालिग बालकों से कार्य कराया जा रहा था। जिस पर तत्काल टीम द्वारा कार्यस्थल पर पहुंचकर जायजा लिया गया। निमार्णधीन भवन निर्माण में 02 नाबालिग बालक कार्य करते हुये पाये गये। बालकों की उम्र लगभग 15 एवं 16 वर्ष है। नियोक्ता, 02 बालको एवं उनके माता-पिता को बाल कल्याण समिति, गरियाबंद में प्रस्तुत होने को कहा गया है। जिले मे बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम 2016 की धारा (2) के अनुसार किसी भी बच्चे से कार्य कराने पर पाबंदी है। कूड़ा बीनने एवं सफाई के कार्य को अधिनियम के तहत खतरनाक व्यवसाय की श्रेणी में रखा गया है। इस प्रकार का कोई बालक/बालिका जानकारी मिलती है तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई (म.वा.वि.) जिला गरियाबंद मो. 7646964896 /चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 में जानकारी दी जा सकती है।

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह पर पुलिस ने कसा शिकान्जा

- **02 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा आरोपी के कब्जे से 600 ग्राम चरस कीमत 3,00000 रुपए, 2 नग मोबाइल फोन को पुलिस ने किया जब्त**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री ऋचा मिश्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री पी.आर. कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक आजाक श्री बी. आर. मंडावी के मार्गदर्शन में अवैध गांजा, शराब परिवहन पर अंकुश लगाये जाने निर्देशित किया गया था। जिस पर दिनांक 03.04.2021 को थाना कोतवाली के प्रभार में प्रभारी उप निरीक्षक - गीतांजली सिन्हा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ, की बस स्टैण्ड कवर्धा मलकानगिरी उडीसा से आकर दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ चरस बिक्री हेतु ग्राहको की तलाश कर रहे है कि सूचना प्राप्त होने पर उप निरीक्षक श्रीमती गीतांजलि सिन्हा के द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारी पुलिस कप्तान श्री शलभ कुमार सिन्हा को उक्त सूचना से अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्री सिन्हा के द्वारा तत्काल एक्शन लेने पुलिस टीम बनाकर रवाना करने कहा गया, वरिष्ट अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करने निर्देश मिलने पर टीम बनाकर बस स्टैण्ड कवर्धा में घेराबंदी कर काले कलर का पिटू बैग पकड़े दो व्यक्तियों से नाम पता पुछने पर अपना नाम 01.असीम मण्डल 02.गुरू पुजारी मलकानगिरी उडीसा का रहने वाला बताया। जिनके पास रखे काले रंग के बैग की तलाशी लेने पर बैग के अंदर एक पैकेट खाकी रंग का टेप से बंधा हुआ मिला जिसे गवाहों के समक्ष खोलने पर पैकेट के अंदर छोटे -2 गोली मिला।

एबीवीटीपीएस के विभागीय अस्पताल में तीन दिनों में 348 व्यक्तियों का हुआ कोविड-19 टीकाकरण

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) के विभागीय अस्पताल में जिला कलेक्टर श्री यशवंत कुमार के निर्देश पर कोविड-19 टीकाकरण केंद्र शुरू किया गया है। टीकाकरण केंद्र का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया के हाथों किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे, आलोक लकड़ा, रामजी सिंह एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी एवं चिकित्साधिकारी डॉ. आरके साहू, डॉ. श्रीमती इंदु साहू, जिला प्रशासन से टीकाकरण अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र लहरे एवं डॉ. अमित मिरी उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता श्री कोसरिया ने सभी व्यक्तियों से आग्रह किया है वे भी प्राथमिकता के साथ टीकाकरण कराकर महामारी कोविड-19 के खिलाफ इस मुहिम में अपना योगदान दें। टीकाकरण के पहले दिन एक अप्रैल को पहला टीका मड़वा के ग्रामीण दुकालूराम को लगाया गया। पहले दिन कुल 50 व्यक्तियों को कोविड-19 टीकाकरण किया गया। दूसरे दिन 150 एवं तीसरे दिन तीन अप्रैल को 148 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।